उज्जैन
शनिवार
13
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-220
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



काम दिलाने की आड़ में ठगे गए 20 लाख रुपए, नोरा फतेही बोलीं- मेरा मजाक उड़ाया गया, दिलबर जैसे कई गाने फ्री में करने पड़े

## अमेरिका ने खुद रूसी तेल खरीदने को कहा, बाद में टैरिफ लगा दिया

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि



2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका ने खुद भारत से रूसी तेल खरीदने की अपील की थी ताकि वैश्विक तेल बाजार स्थिर रहे और कीमतों में बेतहाशा उछाल न आए। फिनलैंड में एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने कहा कि रूस पर बैन लगाए जाने के बाद यूरोपीय देशों ने रूसी तेल से दूरी बना ली और पश्चिम एशिया से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया। पश्चिम एशिया लंबे समय से भारत के लिए तेल का प्रमुख स्रोत रहा है। ऐसे में बाजार की स्थिति बदल गई।

## अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी, 1 की मौत 9 से ज्यादा घायल

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के मिडलैंड शहर में शुक्रवार सुबह हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध हमलावर की पहचान 45 वर्षीय विक्टर माता वियारियल के रूप में हुई है, जो ओडेसा का रहने वाला था। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8 बजे एक औद्योगिक इलाके से गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद संदिग्ध और पुलिस के बीच करीब दो घंटे तक आमना-सामना चलता रहा। बाद में अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार वियारियल पहले से वांछित था।

## ईरान बोला- अमेरिका से समझौते के बेहद करीब हैं

**तेल अवीव।** अमेरिका से संभावित समझौते को लेकर ईरान ने कहा है कि दोनों देश डील के पहले से कहीं ज्यादा



करीब पहुंच चुके हैं। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मीडिया से समझौते की शर्तों को लेकर कयास लगाने से बचने की अपील की है। अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि प्रस्तावित समझौता ज्ञापन अब तक के सबसे नजदीकी चरण में है। उन्होंने कहा कि डील को अंतिम रूप दिए जाने तक मीडिया को इसकी शर्तों पर अटकलें नहीं लगानी चाहिए। समझौता पूरा होने के बाद सभी जानकारियां सार्वजनिक कर दी जाएंगी।

## पाकिस्तान में हर 10 में से 3 लोग गरीब, शिक्षा पर खर्च घटकर ऋछ्ञ का 0.8% हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गरीबी लगातार बढ़ रही है, जबकि शिक्षा पर सरकारी खर्च में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पाकिस्तान इकोनॉमिक सर्वे 2025-26 के अनुसार, देश की गरीबी दर 2018-19 के 21.9% से बढ़कर 2024-25 में 28.9% हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई, आय में असमानता और आर्थिक दबावों के कारण लाखों लोग फिर से गरीबी रेखा के नीचे पहुंच गए हैं। बढ़ती कीमतों ने लोगों की क्रय शक्ति को प्रभावित किया है, जिससे परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। सर्वे के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी गरीबी बढ़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गरीबी बढ़ने के साथ आय असमानता में भी वृद्धि हुई है। वहीं, शिक्षा क्षेत्र को लेकर भी चिंता जताई गई है। वित्त वर्ष 2025 में शिक्षा पर सरकारी खर्च 23% घटकर 962 अरब रुपए रह गया।

## पाकिस्तान का बजट पेश, सरकार बोली- कर्ज सबसे बड़ी चुनौती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 18 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए से ज्यादा का बजट पेश



किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने संसद में यह बजट प्रस्ताव रखा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों को पूरा करने और देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए इस बजट में कड़े आर्थिक फैसले लिए गए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, पाकिस्तान की सबसे बड़ी चुनौती अब भी कर्ज है। कुल 18.8 लाख करोड़ के बजट में से 8.05 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए सिर्फ पुराने कर्ज और उसके ब्याज की किस्तें चुकाने में खर्च हो जाएंगे।

## मैगी के पैकेट में कीड़े मिलने पर नेस्ले को नोटिस


**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने मैगी में कीड़े मिलने की शिकायत के बाद नेस्ले कंपनी को नोटिस भेजा है। सोशल मीडिया पर आई शिकायतों के आधार पर एफएसएसएआई ने कंपनी से जवाब मांगा है और तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है। मैगी के जिस बैच को लेकर शिकायत मिली है, एफएसएसएआई ने उसे बाजार से तुरंत हटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा, साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतों को लेकर फास्ट-फूड चेन केएफसी को भी नोटिस जारी किया गया है।

### शरणार्थी सीटें खत्म करने के लिए आंदोलन, पाकिस्तानी सेना का विरोध

# पीओके में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत, 1100 गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ›› मुजफ्फराबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है। दरअसल, पीओके में विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। नेटबंदी भी जारी है। इससे घाटी बाहरी दुनिया से कटी हुई है।



**मुजफ्फराबाद मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद नेटबंदी भी जारी**

### कई नेताओं पर राजद्रोह का केस दर्ज

इससे प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हुआ है। उनमें नाराजगी और बढ़ गई है। जेएएसी के सदस्य धरने की तैयारी तेज कर रहे हैं। पाकिस्तानी आर्मी और सरकार ने पुंछ, मीरपुर और मुजफ्फराबाद में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनाती के आदेश दिए हैं। इनमें रेंजर्स और फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी के जवान शामिल हैं। प्रशासन ने प्रदर्शन समर्थक जेएएसी नेताओं शौकत नवाज मीर, ख्वाजा मेहरान और अन्य पर राजद्रोह के केस दर्ज किए हैं। सरकार अर्धसैनिक बलों का खौफ दिखाकर आंदोलन कुचलने की कोशिश कर रही है। सरकार ने 5 जून को जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

### इलाके में नेटबंदी, स्टारलिंक से लाइव का शक

रावलकोट में जेएएसी नेता उमर नजीर कश्मीरी ने सरकार और आर्मी के खिलाफ भाषण दिया। वे पिछले हफ्ते से छिपे हुए थे। उन्होंने घाटी से सुरक्षाबल हटाने की मांग की। वहीं, पीओके में नेटबंदी के बावजूद भाषण लाइव हुआ। लाइव टेलीकास्ट के लिए स्टारलिंक इस्तेमाल का शक है।

### दवा-राशन की किल्लत लंदन-न्यूयॉर्क में विरोध

पीओके में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दवाओं और खाद्य सामग्री तक की किल्लत हो रही है। बाजार बंद होने से जनजीवन ठप है। पीओके संकट पर लंदन और न्यूयॉर्क तक में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध दर्ज हुआ।

### भारत में भी पाकिस्तान विरोधी गुस्सा सड़कों पर दिखा

- पीओके में हुए कत्लेआम के खिलाफ भारत के कश्मीर में पाकिस्तान विरोधी गुस्सा सड़कों पर दिखा। शुक्रवार को श्रीनगर समेत कई जगहों पर पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हुए।
- लाल चौक पर पाकिस्तान मुर्दाबाद, खूनखराबा बंद करो और निर्दोषों की हत्या बंद करो जैसे नारे लगे। मानवाधिकार कार्यकर्ता जावेद बेग ने आरोप लगाया कि पीओके को मुसलमानों का कत्लगाह बना दिया गया है।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पीओके में दमन हो रहा है और कई लोग मारे गए हैं। फारूक ने यूएन मानवाधिकार समिति से जांच की मांग की।
- उन्होंने कहा, यूएन, फैक्ट फाइंडिंग मिशन भेजे। श्रीनगर के सोनवार इलाके में यूएन ऑफिस के बाहर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पीओके में हुई मौतों की स्वतंत्र जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र को ज्ञापन सौंपा।

# प्लेन के टॉयलेट स्पीकर से 4 करोड़ का सोना जब्त

### दो थैलियों में 24 सोने के बिस्कुट मिले, दुबई से अहमदाबाद पहुंची थी फ्लाइट, जांच जारी

**ब्रह्मास्त्र** ›› अहमदाबाद

अहमदाबाद एयरपोर्ट पर के एक प्लेन से चार किलो सोना बरामद किया गया है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) के अधिकारियों ने प्लेन पर छापा मारा और प्लेन के टॉयलेट से बरामद किया। इंडिगो का यह प्लेन दुबई से अहमदाबाद पहुंचा था। गोल्ड कौन लेकर आया था, इसकी जांच की जा रही है।

गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने प्लेन की जांच की। जांच के दौरान टॉयलेट में लगे स्पीकर बॉक्स के अंदर दो थैलियां मिलीं। इन





थैलियों में 24 सोने के बिस्किट्स रखे हुए थे। इन 999 कैरेट के बिस्कुटों की मार्केट वैल्यू 4 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

### टेप में लिपटे दो पाउच में था गोल्ड

- एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों को प्लेन से गोल्ड स्मगलिंग की खुफिया जानकारी मिली थी। गुरुवार को जैसे ही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-1478 अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंची तो उसकी जांच शुरू की गई। टॉयलेट से पहले भी गोल्ड स्मगलिंग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।
- इसलिए एक टीम ने टॉयलेट की बारीकी से जांच की। टॉयलेट का स्पीकर बॉक्स निकाला गया तो उसका वजन काफी ज्यादा महसूस हुआ। जब बॉक्स खोला गया तो उसके अंदर ब्लैक कलर के टेप में लिपटे दो पाउच निकले। पाउच में 999.0 शुद्धता (24 कैरेट) के 24 विदेशी मूल के सोने के बिस्कुट पाए गए। इनका कुल वजन 2,799.3 ग्राम था।

### नेपाल में 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस

# 8 लोगों की मौत, 16 घायल

**ब्रह्मास्त्र** ›› काभ्रेपलाञ्चोक

नेपाल के काभ्रेपलाञ्चोक जिले में एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी काठमांडू से करीब 60 किलोमीटर पूर्व स्थित बनेपा-बार्दिबास (बीपी) राजमार्ग पर हुआ।

पुलिस के अनुसार बस बनेपा से रोशी ग्रामीण नगरपालिका के सुंगुरे क्षेत्र की ओर जा रही थी। रास्ते में अचानक बस अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना के समय बस में कुल 24 यात्री सवार थे।



हादसे के बाद स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाया। सभी घायलों को धुलिखेल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे की वजह जानने के लिए सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

## एसआईआर- 30 करोड़ वोटर कार्ड से धुंधले फोटो हटेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग घर-घर जाकर वोटरों की पहचान करने के अंतिम दौर में पहुंच रहा है। अब बचे हुए 39 करोड़ 73 लाख वोटर्स के दरवाजे पर दस्तक देने की तैयारी है। एसआईआर के बाद अब तक तैयार 59 करोड़ मतदाताओं के फोटो न सिर्फ हाल ही के हैं बल्कि रंगीन भी हैं।

चुनाव आयोग के 9 लाख 20 हजार से ज्यादा बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) ने मोबाइल से वोटरों के फोटो उनके पहचान पत्र के साथ जोड़कर मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाया है। इसके लिए बीएलओ ने कोई फीस नहीं ली। इसके अलावा, अब किसी भी वोटर का मकान नंबर 00 दर्ज नहीं होगा, बल्कि सटीक पता लिखा जाएगा। एसआईआर पूरा होने के बाद एक से ज्यादा जगह नाम रखना अपराध माना जाएगा। अब तक एएसडीडी कैटेगरी के तहत 2.6 लाख डुप्लीकेट वोटर आईडी हटाए जा चुके हैं। पहले दौर में बिहार और सेकेंड फेज के 12 राज्यों के वोटर्स की घर-घर जाकर पुष्टि के बाद 59 करोड़ वोटरों के नए पहचान पत्र बने हैं। इनमें सबसे बड़ा बदलाव कार्ड की फोटो का है। पहले के करीब 30% वोटर कार्ड में फोटो थे ही नहीं। किसी में तो इतने धुंधले थे कि पहचानना मुश्किल था। वजह ये कि संविधान में फोटो आईडी कार्ड का जिक्र ही नहीं है। ऐसे में फोटो के लिए मतदाता को बाध्य नहीं किया जा सकता था।

## निपाह वायरस के तीन और संदिग्ध मरीज भर्ती

**ब्रह्मास्त्र** ›› कोझिकोड

केरल के कोझिकोड जिले में केरल में निपाह वायरस के तीन और संदिग्ध मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के मुरलीधरन ने यह जानकारी दी।

मंत्री ने बताया कि जिले में अब तक निपाह का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। हालांकि एहतियात के तौर पर निगरानी और संपर्क ट्रेसिंग का काम जारी है। उन्होंने कहा कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के विशेषज्ञों की एक टीम शनिवार को कोझिकोड पहुंचेगी। टीम जिले की स्थिति का आकलन करेगी और रोकथाम के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा करेगी।

### दिल्ली में बारिश के चलते फ्लाइट्स लेट

# मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश से 4 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली/भोपाल

दिल्ली में शनिवार सुबह बारिश के चलते कई फ्लाइट्स लेट हुईं। इंडिगो एयरलाइंस ने पर पोस्ट करके कहा- खराब मौसम की वजह से उड़ानों के समय पर असर पड़ा है। हम मौसम पर लगातार नजर रख रहे हैं।

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में शुक्रवार को आंधी-बारिश से हुए हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 एक ही परिवार के थे।

यूपी के हाथरस में कोतवाली सदर में पानी भर गया। सड़कें डूब गईं। शनिवार सुबह लखनऊ में तेज आंधी आई, दिन में अंधेरा छा गया। आज 54 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।



गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। राजस्थान में शुक्रवार को अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, श्रीगंगानगर में बारिश के साथ ओले गिरे।

### 6 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40डिग्री पार

मानसून की झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में एंट्री हो गई।। अगले 3 दिन में मानसून के छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 9 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है।

राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के कई शहरों में शुक्रवार को पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। राजस्थान के श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा 44.2 डिग्री तापमान रहा। वहीं महाराष्ट्र के वर्धा और अकोला में 43.5 डिग्री और तेलंगाना के आदिलाबाद में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### भारतीय मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब

# 5000 किमी से आ रही मिसाइल को मार गिराएगा

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। डीआरडीओ ने 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।

इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है। यह तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट करने में सक्षम होती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टेस्टिंग की तस्वीरें अकाउंट पर शेयर की हैं। इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया। इसे भारत की समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इसके साथ भारत उन खास देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास ऑपरेशनल-लेवल की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। भारत से पहले यह तकनीक अमेरिका, रूस, इजराइल और चीन के पास थी।

**यह तकनीक हासिल करने वाला भारत 5वां देश**



आसान भाषा में इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल कोइबहुत लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल कहा जा सकता है। यह ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकती है। आमतौर पर 5,500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार कर सकती है। इसके अलावा यह परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम होती है।

## कोमा में रहीं थाई राजकुमारी का निधन



**ब्रह्मास्त्र** ›› थाईलैंड

थाईलैंड की राजकुमारी बज्रकिटियाभा का 47 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह दिसंबर 2022 से कोमा में थीं। थाई शाही परिवार ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि लगातार चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती रही और गुरुवार शाम बैंकॉक के चुलालॉन्गकॉर्न अस्पताल में उनका निधन हो गया। राजकुमारी बज्रकिटियाभा दिसंबर 2022 में अपने कुत्तों के साथ व्यायाम कर रही थीं, तभी अचानक बेहोश हो गई थीं। डॉक्टरों ने बाद में बताया कि उनके हृदय में मायकोप्लाज्मा संक्रमण हुआ था, जिससे गंभीर अनियमित धड़कन की समस्या पैदा हुई और वह कोमा में चली गईं।



## खबर एक नजर...

### हाउसिंग बोर्ड के हितग्राहियों के लिए समस्या समाधान शिविर 15 जून को आयोजित किया जाएगा

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष श्री ओम जैन के द्वारा शहर में स्थित मण्डल की विभिन्न कॉलोनीयो के निवासियों की समस्या के समाधान के लिए हितग्राहि समस्या समाधान शिविर आयोजित करने के निर्देश मण्डल के अधिकारियो को दिए गए।जिसके अनुपालन में म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग उज्जैन कार्यालय भरतपुरी देवास रोड पर 15 जून सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हितग्राहि समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे अध्यक्ष श्री ओम जैन की उपस्थिति में मण्डल के अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा हितग्राहियो की विभिन्न समस्याए जैसे नामांतरण, लीज नवीनीकरण, रजिस्ट्री, फ्रीहोल्ड, अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि का यथा संभव निराकरण किया जावेगा एवं उक्त सेवाओ से संबधित नियम / परिपत्रो से पूर्ण पारदर्शिता के साथ हितग्राहियो को अवगत कराया जावेगा। साथ ही मण्डल की विभिन्न अविक्रित संपत्ति की जानकारी एवं इन्हे कय करने संबधि प्रकिया के बारे मे भी हितग्राहियो को जानकारी प्रदान की जावेगी।

### निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने दिए सुरक्षा, जल निकासी एवं मलबा प्रबंधन के निर्देश

**उज्जैन।** आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा सिंहस्थ-2028 अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम के समस्त यंत्रीगण एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। आयुक्त ने सभी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधन, जल निकासी एवं मलबा निष्पादन की व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए  बैठक में आयुक्त ने कहा कि सभी निर्माण स्थलों पर आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रोलिंग एवं रिफ्लेक्टिव बैरिकेड लगाए जाएं, ताकि वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने अतिवृष्टि की स्थिति में जलभराव से बचाव के लिए प्रत्येक निर्माण स्थल पर डी-वॉटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार इलेक्ट्रिक एवं डीजल पंप उपलब्ध रखने के निर्देश दिए आयुक्त ने निर्माण स्थलों एवं उनके आसपास मलबा जमा नहीं होने देने तथा निरंतर मलबा निष्पादन (मक डिस्पोजल) की कार्यवाही जारी रखने के निर्देश भी दिए। मार्ग चौड़ीकरण कार्यों के अंतर्गत भवनों के प्रभावित हिस्सों को हटाने से पूर्व नालियों को सुरक्षित रूप से कवर करने के लिए कहा गया, जिससे वर्षा के समय जल निकासी बाधित न हो और नालियों में चोकिंग की स्थिति उत्पन्न न हो, साथ ही सभी यंत्रीगणों को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित भवन अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मार्ग चौड़ीकरण स्थलों पर भवनों के गिराऊ हिस्सों की सुरक्षा एवं आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करें बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, राहुल चौहान, श्री पलाश शर्मा, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे

### चक्रतीर्थ पर 45 फीट ऊंचे सुदर्शन चक्र के निर्माण का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए

चक्रतीर्थ पर नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 70 लाख की लागत से सुदर्शन चक्र का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है सुदर्शन चक्र लगभग 45 फीट ऊंचा रहेगा जो की चक्रतीर्थ पर मुख्य आकर्षण रहेगा गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा प्रचलित सुदर्शन चक्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य की गति बढ़ाई जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए ताकि जो समय अवधि निर्माण कार्य की है इस अवधि में पूर्ण हो साथ ही पेडस्टल के साथ साथ सुदर्शन चक्र का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है

# पृथ्वी का भार हरने भगवान ने लिया वामन अवतार

## सिंधु सेना के आयोजन में महाराज मुकुंदाचार्य ने बताया अधिक मास का महत्व, बंटा माखन-मिश्री का प्रसाद






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंधु सेना द्वारा सिंधी कालोनी में आयोजित भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कथावाचक श्री मुकुंदाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को अधिक मास का महत्व बताते हुए कहा कि पुरुषोत्तम माह में कथा श्रवण करने से भक्तों को लोक-परलोक में उत्तम फल की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने बताया कि भगवान ने पृथ्वी का भार हरने के लिए ही वामन अवतार लिया था। महाराज ने कहा कि त्रेता युग से कलयुग तक भगवान बार-बार कभी कृष्ण तो कभी राम का अवतार लेकर मनुष्यों का लोक-परलोक सुधारते हैं और उनका उद्धार करते हैं। कथा में कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान वासुदेव और यशोदा के रूप में क्रमशः किशोर मुलानी और रोशनी मुलानी ने जीवंत झांकी प्रस्तुत की। उत्सव के पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसादी के रूप में माखन-मिश्री का वितरण किया गया। राजकुमार परसवानी ने बताया कि कथा में सिंधु जागृत समाज की ओर से प्रताप रोहरा, रमेश सामधानी, रमेश गजरानी और अजय रोहरा उपस्थित थे। पूज्य पंचायत सतराम सिंधी कॉलोनी से संतोष लालवानी, विनोद मुलानी, रतनलाल काका, गिरधारी लालवानी, मनोज रोचवानी, रितेश लालवानी, उमेश दादलानी, लालू नागवानी, ललित थावानी, दीपक सामतानी एवं विशाल चंदनानी ने सहभागिता की।

### मोगरे और पुष्पों के विशेष श्रृंगार से महका पांडाल, उपरना पहनाकर हुआ भक्तों का स्वागत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अधिक मास के उपलक्ष्य में समाजसेवी नारायण यादव और रेखा यादव के गीता कॉलोनी स्थित निवास पर महाप्रभु की पधरावनी के विशेष दर्शन आयोजित किए गए। शाम 7:30 से रात 9:30 बजे तक चले इस धार्मिक आयोजन में हजारों वैष्णव और भक्तजनों ने शामिल होकर दर्शन लाभ लिया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि पधरावनी के लिए ठाकुरजी का पुष्पों और मोगरे से मनमोहक श्रृंगार किया गया था। विशेष झांकी मंडप और पूरा पांडाल फूलों की खुशबू से महक रहा था, जो दर्शनार्थियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। दर्शन के दौरान नारायण यादव और अभय यादव ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी भक्तों और वैष्णवजनों का उपरना पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर यादव परिवार के वैभव यादव, किशन यादव, आयुष यादव, कलावती यादव, नारायण यादव, रेखा यादव, सोनू यादव, आकांक्षा यादव और सीमा यादव सहित शहर के कई राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राम-भरत मिलन प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए हजारों श्रद्धालु



### दशहरा मैदान में चल रहे 12 ज्योतिर्लिंग राम कथा महोत्सव के सातवें दिन उमड़ी भीड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दशहरा मैदान में आयोजित 12 ज्योतिर्लिंग राम कथा महोत्सव के सातवें दिन श्रीराम-भरत मिलन प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया। कथावाचक संत कुलदीप महाराज के श्रीमुख से चित्रकूट में हुए भरत मिलाप का प्रसंग सुनकर पांडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा व्यास कुलदीप महाराज ने राम-भरत मिलन के प्रसंग के माध्यम से समाज को प्रेम, त्याग, समर्पण और भाईचारे का अनुपम संदेश दिया। 9 दिवसीय इस भव्य श्रीराम कथा का आयोजन 6 जून से किया जा रहा है, जो 14 जून तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से दशहरा मैदान में जारी रहेगा। आयोजक अजीत गुप्ता के प्रयासों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहे इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने शहर के धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### 14 जून को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों के तहत मंत्रालय आयुष, भारत सरकार आगामी 14 जून को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का ऐतिहासिक प्रयास कर रहा है। यह सबसे बड़ा ऑनलाइन योग सत्र का रिकॉर्ड होगा, जिसमें देश-विदेश के लाखों योग प्रेमी एक साथ भाग लेंगे। इस सत्र का समय सुबह ६:१५ बजे से ७:३५ बजे तक (ढ्ढस्ञ्ज) निर्धारित है। इसका मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से विश्व को एकजुट करना, स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। इस विश्व रिकॉर्ड प्रयास से योग को जन-जन तक पहुंचाने और आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों के समाधान के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति मिस्ड कॉल दे सकते हैं। मिस्ड कॉल देने के बाद  पर सत्र का लिंक भेजा जाएगा। कोई भी व्यक्ति, संस्थान या योग संस्था इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकता है। मंत्रालय आयुष के संयुक्त सचिव श्रीमती मोनालिसा दास ने सभी नागरिकों, योग संस्थाओं, शिक्षा संस्थानों, कॉर्पोरेट्स  से अपील की है कि वे बड़े पैमाने पर भाग लेकर इस विश्व रिकॉर्ड को सफल बनाएं।यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'योग फॉर वन एंड ऑल' के विजन को आगे बढ़ाते हुए विश्व स्तर पर योग की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# सभी के प्रयासों से पुराने कुएं का सफल जीर्णोद्धार किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जनपद पंचायत उज्जैन अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर में जल गंगा संवर्धन अभियान-2926 के तहत समुदायिक प्रयासों से एक पुराने कूप का सफल जीर्णोद्धार किया गया है। यह कार्य ग्रामीणों, ग्राम पंचायत टीम, कर्मचारी स्टाफ और जागरूक गांववासियों की सामूहिक भागीदारी का उत्तम उदाहरण बन गया है।ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की पूरी टीम ने ऐतिहासिक और जीवन रेखा माने जाने वाले इस समुदायिक कूप (कुएं) की सफाई एवं जीर्णोद्धार का सराहनीय प्रयास किया।

वर्षों से उपेक्षित पड़े इस जल-स्रोत को पुनः जीवंत करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब शासन की दूरदर्शी योजना (जल गंगा संवर्धन अभियान 2026) को जनपद पंचायत का मार्गदर्शन, ग्राम पंचायत की पूरी टीम, समर्पित स्टाफ और गांव के आम नागरिकों का सहयोग मिल जाता है, तो इतिहास के सोए हुए जल स्रोत भी जाग उठते हैं।कार्य की मुख्य जानकारीः ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा निकाली गई गाड़/कचरा 1.5 क्विंटल (क्विंटल में) कार्य पूर्णता के साथ यह कार्य 01.05-2026 को प्रारंभ किया गया और मई 2026 में पूरा किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत 0.04 लाख रुपये रही।

जीर्णोद्धार से प्राप्त लाभः इस जीर्णोद्धार से कुएं की जल क्षमता में वृद्धि हुई है, गहराई बढ़ने और तल साफ होने से पानी का भंडारण क्षमता सुधरी है। भूजल स्तर में सुधार हुआ है, आस-पास के हैंडपंप और बोरवेल का जलस्तर बढ़ा है। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हुआ है क्योंकि सड़क से गंदे पानी के रिसाव को रोका गया, जिससे जल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

साथ ही कृषि एवं पर्यावरण को लाभ पहुंचा है, आसपास की फसलों को बेहतर सिंचाई और महिलाओं को साफ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

### प्रकृति व संस्कृति से जुड़कर ही व्यक्ति रहता है प्रसन्न और सफल- मुनिश्री



**मन्दसौर।** तारबंगला मंदिर परिसर में चल रही प्रवचन श्रृंखला के दौरान मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्रेष्ठ विचारों को ग्रहण करना और प्रकृति के करीब रहना ही सफलता का असली रहस्य है। उन्होंने कृत्रिम साधनों जैसे एसी की हवा के बजाय प्राकृतिक वातावरण को अपनाने और शरीर को निरोगी रखने के लिए दिन में केवल दो बार भोजन करने  का संदेश दिया। मुनिश्री के सानिध्य में शाम को च्अन्तर्गूंजज पुस्तक के आध्यात्मिक भजनों के साथ भव्य अर्हं कीर्तन का आयोजन हुआ। इसके साथ ही, 13 से 15 जून तक महावीर जिनालय में मुनिसंघ का तीन दिवसीय प्रवास रहेगा तथा आगामी 21 जून को नूतन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

### कोटक म्यूचुअल फंड, डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन और रेडक्रॉस के तत्वावधान में फ्रीगंज में लगा शिविर




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कोटक म्यूचुअल फंड के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया।

फ्रीगंज स्थित आचार्य विद्यासागर भवन में यह शिविर म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा और जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में स्वस्थ नागरिकों, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अनुराग जैन, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल पंड्या और कोटक के उज्जैन ब्रांच हेड पंकज शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में एसोसिएशन के पदाधिकारी वैभव बंसल, अनुपम अग्रवाल, अजय तिवारी, विजय सोनी और अशोक गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। म्यूचुअल फंड एसोसिएशन के मेंटर अभिलाष जैन और आशीष धारीवाल ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित और महान सामाजिक दायित्व है। इससे अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

## तैराकी प्रशिक्षण शिविर का समापन, खिलाड़ियों को बांटे जाएंगे प्रशस्ति पत्र

# दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस कुशवाह ने किया निःशुल्क परीक्षण, डॉ. दीपक जैन ने की मुख्य समारोह में सम्मान की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संभागीय तैराकी संघ के तत्वावधान में कोठी रोड स्थित तरणताल पर चल रहे निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर दीप ज्योति वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने घोषणा की कि आगामी मुख्य समारोह में सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

शिविर के समापन अवसर पर प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस कुशवाहा ने प्रशिक्षणार्थियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया। डॉ. कुशवाहा ने बच्चों को दांतों की सफाई और मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि उपचार से बेहतर बचाव है।



उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को दांतों की देखभाल के लिए निःशुल्क टूथपेस्ट भी वितरित किए।

कार्यक्रम में संभागीय तैराकी संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, अश्विन टाटावत, अर्जुन सोलंकी, अमर डब्बे वाला गुरुजी, पंकज सोलंकी, समीर पाराशर और वीरेंद्र काले उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने स्वास्थ्य जागरूकता और खेल प्रशिक्षण के इस समन्वित प्रयास की सराहना की।

### साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित शरद जोशी पुरस्कार डॉ. सौरभ जैन को

उज्जैन। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी ने कैलेंडर वर्ष 2024 के साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। व्यंग्य लेखन के क्षेत्र में दिया जाने वाला प्रतिष्ठित शरद जोशी व्यंग्य पुरस्कार शहर के युवा लेखक डॉ. सौरभ जैन को प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान उनकी चर्चित कृति 'रील नाम सत्य है' के लिए मिला है। राजनीति विज्ञान में पीएचडी उपाधि प्राप्त डॉ. सौरभ जैन की अब तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इससे पूर्व उनकी व्यंग्य कृति 'डेमोक्रेसी स्वाहा' और निबंध संग्रह 'भारत भाग्य विधाता' राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय साहित्य अकादमी के युवा पुरस्कारों की अंतिम सूची में भी अपना स्थान बना चुकी हैं।

### महाकाल वाणिज्य केंद्र में शिव महापुराण कथा का समापन, बंटे रुद्राक्ष

**उज्जैन।** महाकाल वाणिज्य केंद्र कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का विधिवत समापन हो गया है। समापन अवसर पर शिवलिंग निर्माण, रुद्राक्ष वितरण और महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ लिया।

कथा व्यास श्री बटेश्वर धाम विदिशा (म.प्र.) के गौवत्स पं. अंकित कृष्ण तेनगुरिया (बटुक जी) के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने सात दिनों तक शिव महिमा का श्रवण किया।

इस पावन अवसर पर जूना अखाड़ा हरिद्वार के 1008 महामंडलेश्वर श्री शैलेशानंद महाराज, पं. उमेश शर्मा, पं. कुलदीप महाराज और ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा के शिष्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में विधि-विधान से पूजन कर श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष व महाप्रसादी वितरित की गई।

### पुरुषोत्तम सागर में भगवान पुरुषोत्तम नारायण को कराया नौका विहार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अधिक मास के पावन पर्व एकादशी पर इंदिरानगर स्थित सप्त सागरों में से एक श्री पुरुषोत्तम सागर में भगवान श्री पुरुषोत्तम नारायण का भव्य नौका विहार कराया गया। यह पुनीत आयोजन ब्रह्मलीन ज्योतिर्विद पंडित श्याम नारायण व्यास की स्मृति में संपन्न हुआ। बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी के गादीपति ज्योतिर्विद पं. चंदनश्यामनारायण व्यास ने बताया कि सर्वप्रथम तीर्थ का पंचामृत पूजन कर पीतांबर अर्पण किया गया। इसके पश्चात पं. अधीश द्विवेदी के आचार्यत्व में 21 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पुरुषसूक्त का पाठ किया गया। पूजन के बाद भगवान श्री लीला पुरुषोत्तम ने तीर्थ में नौका विहार किया। धर्मशास्त्रों के अनुसार अधिक मास में पुरुषोत्तम सागर का विशेष महत्व है और नौका विहार के दर्शन मात्र से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, समाजसेवी अनंतनारायण मीणा, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, पं. गोपाल कृष्ण दवे, पं. दिनेश रावल, पं. जयंत द्विवेदी, पं. विजय तिवारी, पं. चंद्रशेखर शर्मा, विजया शर्मा, संगीता श्रीवास्तव और मालती द्विवेदी सहित  गणमान्य नागरिक दर्शन के लिए उपस्थित थे।

उज्जैन
शनिवार
13
जून, 2026


दैनिक ब्रह्मास्त्र

आचारः कुलमाख्याति देशमाख्याति भाषणम्।
सम्भ्रमः स्नेहमाख्याति वपुराख्याति भोजनम्॥

**अर्थः** आचरण से व्यक्ति के कुल का परिचय मिलता है। बोली से देश का पता लगता है। आदर-सत्कार से प्रेम का तथा शरीर को देखकर व्यक्ति के भोजन का पता चलता है।

## खबर एक नजर...

### चलती ब्रेजा कार में लगी आग, लवकुश चौराहे के पास हादसा



**इंदौर।** लवकुश चौराहे के पास शुक्रवार रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, घटना लवकुश चौराहे और एमआर-11 के बीच की है। यहां सड़क पर चल रही एक ब्रेजा कार में अचानक आग भड़क उठी। कार से धुआं निकलता देख चालक तुरंत वाहन से बाहर निकल गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार, कार मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग से कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

### किसानों को बड़ी राहत शनिवार-रविवार को भी नकद खरीद सकेंगे खाद

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में मानसून के साथ खरीफ फसलों की बुआई तेज हो गई है। खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए मार्कफेड ने किसानों को राहत दी है। अब प्रदेश के किसानों को शनिवार और रविवार (सरकारी अवकाश) के दिन भी नकद भुगतान पर खाद मिल सकेगी। मार्कफेड के एमडी अभिजीत अग्रवाल ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को नई व्यवस्था तत्काल लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। यह विशेष व्यवस्था फिलहाल अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था से गोदामों पर भीड़ कम होगी और खाद की कालाबाजारी पर भी अंकुश लग सकेगा।

### इंदौर लोकायुक्त के खिलाफ व्यापारी ने की शिकायत

**इंदौर।** लोकायुक्त की कार्यप्रणाली को लेकर एक शिकायत लोकायुक्त डीजी तक पहुंची है। आमतौर पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की शिकायतें लोकायुक्त संगठन में की जाती हैं, लेकिन यह ऐसा मामला है, जिसमें एक शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लोकायुक्त भोपाल, उप-लोकायुक्त और डीजी लोकायुक्त को शिकायत भेजी है। एक व्यापारी शेखर का आरोप है कि उनके और उनके परिवार के खिलाफ इंदौर के जोन-1 के एक थाने में झूठी ऋफ़दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान उनके नाबालिग बेटे का नाम भी प्रकरण में जोड़ दिया था। 16 अप्रैल 2026 को उन्हें थाने बुलाया गया तो मौजूद दो मीडियाकर्मियों में से एक ने अपना नाम कमलेश बताया। उसने नाबालिग बेटे का नाम मामले से हटाने के एवज में पहले एक लाख रुपए और बाद में 70 हजार रुपए की मांग की। यह राशि थाने की पुलिस के नाम पर मांगी जा रही थी। व्यापारी का कहना है कि मैंने एक मीडियाकर्मी से हुई बातचीत की फोन रिकॉर्डिंग की, जिसमें 70 हजार रुपए की मांग और पुलिस की ओर से मदद कराने का जिक्र है। इसके बाद मैंने 17 अप्रैल 2026 को लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर रिकॉर्डिंग सहित शिकायत दर्ज कराई। रिकॉर्डिंग की पेन ड्राइव भी सौंपी गई। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई की मांग की गई।

### 12वीं की छात्रा ने किया सुसाइड युवक कर रहा था परेशान, लिखित शिकायत भी की थी



**इंदौर।** परदेशीपुरा क्षेत्र में 12वीं कक्षा की 17 वर्षीय छात्रा ने शुक्रवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में रहने वाला नमन नामक युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था और उसे धमकियां दे रहा था। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र के लोगों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर छात्रा का शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर छात्रा ने यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार, छात्रा ने करीब एक माह पहले परदेशीपुरा थाने में लिखित शिकायत देकर युवक नमन कामले पर पीछा करने और धमकाने के आरोप लगाए थे। शिकायत में यह भी कहा गया था कि युवक ने उसके जीजा को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। हालांकि परिवार का आरोप है कि मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई और केवल समझाइश देकर छोड़ दिया गया। शुक्रवार सुबह छात्रा को उसके पिता ने कमरे में फंदे पर लटका देखा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

---

सरकार के वकील ने मोनालिसा के बर्थ सर्टिफिकेट में गड़बड़ी पर आपत्ति जताई, अब 23 जून को अगली सुनवाई

# कुंभ वायरल गर्ल की याचिका पर इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया पर चर्चा में आई वायरल गर्ल की याचिका पर शुक्रवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका में उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके दस्तावेजों में हेरफेर कर उनकी वैध शादी को अवैध साबित करने की साजिश रची गई।

सरकार के वकील ने याचिका में गलतियां बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता वायरल गर्ल को त्रुटियां सुधारने के लिए समय देते हुए सुनवाई को 23 जून तक के लिए टाल दिया।

कुंभ वायरल गर्ल ने कोर्ट में दावा किया है कि उनके पिता ने जन्म संबंधी रिकॉर्ड में बदलाव कर उन्हें नाबालिग दिखाने की कोशिश की। याचिका में कहा गया है कि छोटे भाई के दस्तावेजों को उनका बताकर गलत जानकारी पेश की गई, जबकि वे बालिग हैं।

**शादी के बाद बढ़ा विवाद-** वायरल गर्ल महाकुंभ के दौरान रुद्राक्ष की माला बेचते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। इसके बाद उन्हें फिल्मों में काम के अवसर भी मिले। इसी दौरान केरल में फिल्म शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात एक युवक से हुई और मार्च 2026 में दोनों ने विवाह कर लिया। शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई के दौरान वायरल गर्ल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वरिष्ठ वकील पीवी दिनेश वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। सरकार की ओर से याचिका में गड़बड़ी बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई गई थी।

साथ ही वायरल गर्ल द्वारा जमा किए गए अपने जन्म प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि को लेकर भी आपत्ति ली गई थी। हालांकि सुनवाई के दौरान उनके जन्म प्रमाण पत्र की ओरिजनल कॉपी हाईकोर्ट के समक्ष रखी गई। जिसके बाद कोर्ट ने वायरल गर्ल की ओर से पेश हुए वकीलों को याचिका में मौजूद कमियों को दूर करने और जन्म प्रमाण पत्र की साफ प्रतिलिपि रिकॉर्ड में लगाने के लिए 10 दिन का समय दे दिया। कोर्ट अब 10 दिन बाद इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

#### उम्र को लेकर उठा विवाद

शादी के बाद मामला तब विवादों में आया जब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने विवाह के समय उनकी उम्र करीब 16 साल होने का अंदेशा जताया। इसके बाद खरगोन पुलिस ने युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

#### विवाह को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप

याचिका में यह भी कहा गया है कि शादी को लेकर सोशल मीडिया पर गलत प्रचार किया गया और इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। दंपति ने कोर्ट से जन्म प्रमाण पत्र बहाल करने और रिकॉर्ड में कथित गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

---

इंदौर में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की अहम बैठक आज

# खाद्य सुरक्षा से लेकर जलवायु अनुकूल खेती पर होगा मंथन, साझा दस्तावेज बनेगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में आयोजित ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का 13 जून को पांचवां और आखिरी दिन है। इसमें ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें सदस्य देशों के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान खोजने पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान शामिल होंगे। बैठक में कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी साझेदारी और खाद्य हानि को कम करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श होगा। बैठक को ब्रिक्स देशों के बीच कृषि सहयोग को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। इसमें सदस्य राष्ट्र कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय में सुधार और टिकाऊ कृषि प्रणालियों को मजबूत बनाने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा करेंगे।




#### चार प्रमुख मुद्दों पर रहेगा फोकस

- बैठक में मुख्य रूप से चार महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा।
- खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका को मजबूत बनाना।
- कृषि व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
- जलवायु परिवर्तन के अनुरूप टिकाऊ एवं लचीली कृषि व्यवस्था विकसित करना।
- कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में नवाचार, अनुसंधान और साझेदारी को प्रोत्साहित करना।

#### साझा दस्तावेज होगा तैयार

बैठक के समापन पर सदस्य देशों की सहमति और सुझावों के आधार पर एक साझा दस्तावेज तैयार किया जाएगा, जिसमें कृषि क्षेत्र के लिए भविष्य की रणनीतियों, सहयोग के नए अवसरों और खाद्य सुरक्षा से जुड़े अहम बिंदुओं को शामिल किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती खाद्य चुनौतियों और जलवायु संकट के बीच यह बैठक कृषि क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और सतत विकास को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

---

विधानसभा-4 बवाल मामला

# शानू दिघे पहुंचे हाई कोर्ट

### एफआईआर को बताया राजनीतिक दबाव का नतीजा असली दोषियों को बचाकर हमें बनाया आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 में 7 जून को हुए विवाद और बवाल के मामले में आरोपी बनाए गए विधायक मालिनी गौड़ के करीबी सौरभ उर्फ शानू दिघे ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई बताते हुए उसे निरस्त करने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

दिघे ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि पुलिस ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की, जबकि उनकी पत्नी द्वारा दिए गए आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने पुलिस पर मिलीभगत और निष्पक्ष जांच नहीं करने के गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

याचिका में कहा गया है कि घटना के दौरान कुछ प्रभावशाली लोग उनके घर में जबरन घुस आए थे। इनमें परमवीर राठौर, सुयश आगर, धीरज वर्मा, कृष्णाराव, नितेश और सौरभ मराठा के नाम शामिल किए गए हैं। दिघे का आरोप है कि इन लोगों ने उनकी पत्नी का मंगलसूत्र तोड़ दिया, उनकी मां के साथ धक्का-मुक्की की, घर और वाहन में तोड़फोड़ की तथा आग लगाने की धमकी भी दी। साथ ही करीब 20 से 25 ग्राम सोने की चेन ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। दिघे का कहना है कि इन आरोपों के बावजूद संबंधित लोगों पर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया, जबकि राजनीतिक दबाव में उन्हें और उनके साथियों को आरोपी बना दिया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि घटना के बाद समझौता हो गया था, लेकिन इसके बावजूद बाद में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

---

# कॉलोनियों में बेचते डंपर-पोकलेन पकड़े, 50 हजार रुपये का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने वाले मलबे के निपटान में करोड़ों की धांधली की आशंका सामने आई है। नगर निगम की जांच में निगम के ठेकेदार द्वारा सीएंडडी वेस्ट प्लांट के लिए निर्धारित मलबा निजी कॉलोनियों में डलवाते हुए पकड़ा गया है। मामले में 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है और एफआईआर के लिए आवेदन भी दिया गया है।

निगमायुक्त क्षितिज सिंघल को मिली शिकायत के बाद राऊ क्षेत्र में कार्रवाई की गई। जांच टीम ने पाया कि चंदन नगर स्थित सीएंडडी वेस्ट साइट से उठाया मलबा कॉलोनी की सड़कों पर डाला जा रहा था। मौके पर डंपर व मशीनरी मिलने के बाद कार्रवाई की गई।

70 डंपर पहुंच रहे, जरूरत 200 डंपर की शहर में रोजाना करीब 100 से 120 टन निर्माण मलबा निकलता है, जबकि देवगुराड़िया स्थित सीएंडडी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता लगभग 200 टन प्रतिदिन है। वेस्ट प्लांट पर 70 डंपर तक ही पहुंच रहे हैं, जबकि जरूरत 200 डंपर की है। इसके बावजूद प्लांट को पर्याप्त सामग्री नहीं मिल रही।



**निगम पर भी सवाल...** जीपीएस लगे, फिर चोरी कैसे हो रही मामले ने निगम की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। वाहनों में जीपीएस लगे होने के बावजूद मलबे की वास्तविक आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण नहीं दिख रहा। यही नहीं, तालाब गहरीकरण की मिट्टी, नालों की गाद और जलकुंभी के निपटान में भी इसी तरह की गड़बड़ियों की संभावना जताई जा रही है।

इन पर सीधा असर सीएंडडी वेस्ट प्लांट को पर्याप्त मलबा नहीं मिल रहा रिसाइक्लिंग और ब्लॉक निर्माण प्रभावित निगम को राजस्व नुकसान की आशंका फर्जी बिलिंग और दोहरी कमाई के आरोप जांच में क्या मिला निजी कॉलोनी में निगम का मलबा डलता मिला डंपर और मशीनरी मौके पर पकड़ी गई।

---

इंदौर महापौर ने सॉलिसिटर जनरल को पत्र लिखा

# दिग्विजय सिंह के 'मिली-जुली चोरी' बयान पर आपराधिक अवमानना केस चलाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सुप्रीम कोर्ट को लेकर दिए एक बयान के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को पत्र लिखकर दिग्विजय सिंह के खिलाफ 'कंटेंट ऑफ कोर्ट एक्ट 1971' की धारा 15 (1)(बी) के तहत आपराधिक अवमानना का केस चलाने की मांग की है।

महापौर ने साक्ष्य के रूप में न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए उस वीडियो इंटरव्यू की पेन ड्राइव भी सौंपी है। इसमें दिग्विजय सिंह ने शीर्ष अदालत को कथित तौर पर चोर कहा था। महापौर ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने इंटरव्यू में कहा था.. मालूम था कि जो चोरी हुई है तो चोरी में सभी शामिल हैं, न केवल राज्य लेकिन केंद्र भी। चुनाव आयोग भी और माननीय मुझे कहना पड़ रहा है... 'सुप्रीम कोर्ट' भी। जब सुप्रीम कोर्ट को



मालूम था कि हमारी जो पिटीशन है जो 4 बजे बाद इन्फक्चुअस (निष्प्रभावी) हो जाएगी तो सुना क्यों नहीं आज। कल की डेट क्यों लगाई है, ये सब मिली-जुली चोरी है। पुष्यमित्र भार्गव ने अपने पत्र में लिखा- यह मुद्दा किसी राजनीतिक दल या विचारधारा से ऊपर का है। यह देश की सबसे बड़ी अदालत की स्वतंत्रता और सम्मान को बचाने की लड़ाई है। अगर ऐसे बयानों को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया, तो इससे अन्य लोगों के हौसले भी बुलंद होंगे और वे संवैधानिक संस्थाओं पर इस तरह के हमले शुरू कर देंगे। इसलिए इस मामले में त्वरित और सख्त कानूनी कदम उठाए जाने चाहिए।

#### सोची-समझी साजिश

पुष्यमित्र भार्गव ने सॉलिसिटर जनरल से इस मामले को बेहद गंभीरता से लेने और धारा 15 (1)(बी) के तहत अवमानना की प्रक्रिया बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने अपने पत्र में तीन बेहद महत्वपूर्ण कानूनी बिंदु सामने रखे हैं।

- **सोच-समझकर दिया गया बयानः** भार्गव ने लिखा कि वीडियो को देखने से साफ पता चलता है कि दिग्विजय सिंह ने यह बात किसी जल्दबाजी में, अनजाने में या गुस्से में आकर नहीं कही है। बल्कि वे यह बयान देने से पहले बकायदा कुछ सेकंड के लिए रुके। जो यह दशार्ता है कि यह बयान पूरी तरह सोच-समझकर और सोची-समझी मंशा के तहत दिया गया है।
- **अदालत की साख गिराने का प्रयासः** पत्र के मुताबिक, देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था को चोर या ईमानदार न होना कहना केवल किसी फैसले की आलोचना नहीं है, बल्कि यह न्यायपालिका पर एक सीधा और सुनियोजित हमला है, जिससे जनता का अदालत पर से भरोसा उठ जाए।
- **कानूनी धाराओं का उल्लंघनः** मेयर ने दलील दी कि यह कृत्य साफ तौर पर कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट एक्ट, 1971 की धारा 2(सी)(आई) के तहत आता है, जो किसी भी अदालत की गरिमा और प्राधिकार को नीचा दिखाने या बदनाम करने की श्रेणी में आता है।

---

25 करोड़ की कृषि भूमि सहित करोड़ों की संपत्ति की लोकायुक्त जांच जारी

# ज्वाइंट डायरेक्टर कंडवाल को हटाने के लिए राज्य शासन को लिखा पत्र

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकायुक्त के निशाने पर आए महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर के ज्वाइंट डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण कंडवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। लोकायुक्त पुलिस ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और पद से हटाने की अनुशंसा करते हुए राज्य शासन को पत्र भेजा है। वहीं छापे के बाद अब उनकी चल-अचल संपत्तियों की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

लोकायुक्त पुलिस द्वारा बुधवार को स्कीम नंबर-103 स्थित आवास, जिम और व्यावसायिक परिसरों पर की गई छापामार कार्रवाई में करोड़ों रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ था। जांच के दूसरे दिन सामने आए आंकड़ों के अनुसार आरोपी के नाम और आधिपत्य वाली संपत्तियों का दायरा पहले के अनुमान से कहीं अधिक बड़ा पाया गया है।



**25 करोड़ की कृषि भूमि का खुलासा-** जांच में अब तक आरोपी के आधिपत्य वाली 16.479 हेक्टेयर (करीब 40.72 एकड़) कृषि भूमि सामने आई है, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 25 करोड़ रुपए आंका गया है। यह संपत्ति विभिन्न क्षेत्रों में फैली हुई बताई जा रही है।

**प्लॉट और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की कीमत करोड़ों में-** जांच में स्कीम नंबर-140 स्थित एक-एक हजार वर्गफीट के दो प्लॉटों की अनुमानित कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए पाई गई है। वहीं स्कीम नंबर-103 में स्थित लगभग 2712 वर्गफीट के व्यावसायिक परिसर का बाजार मूल्य करीब 6 करोड़ 80 लाख रुपए और उसके निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ रुपए आंकी गई है।

**जांच का दायरा बढ़ा-** लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि अभी जांच जारी है और विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाली जानकारियों के आधार पर संपत्तियों का वास्तविक मूल्य और बढ़ सकता है।

#### एक करोड़ से अधिक की सामग्री बरामद

लोकायुक्त टीम को छापे के दौरान आरोपी के आधिपत्य से मिली विभिन्न वस्तुओं और संपत्तियों की इनवेंटरी का मूल्यांकन भी किया गया। प्रारंभिक आकलन में बरामद सामग्री की कुल कीमत 1 करोड़ 6 लाख 58 हजार 85 रुपए पाई गई है।

#### राज्य शासन को भेजी कार्रवाई की अनुशंसा

लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग करते हुए राज्य शासन को पत्र भेजा है। विभागीय स्तर पर कार्रवाई के साथ पद से हटाने की सिफारिश भी की गई है ताकि जांच प्रभावित न हो।

#### संपत्तियों की पड़ताल के लिए कई विभागों को पत्र

लोकायुक्त पुलिस ने मामले की व्यापक जांच के लिए विभिन्न विभागों और संस्थाओं से जानकारी मांगी है। पंजीयन कार्यालय इंदौर, महू, पीथमपुर और धार से संपत्ति पंजीयन का विवरण मांगा गया है। संबंधित तहसील कार्यालयों से कृषि भूमि की खसरा-खतौनी और स्वामित्व संबंधी दस्तावेज तलब किए गए हैं। परिवहन विभाग से आरोपी और परिवार के नाम दर्ज वाहनों की जानकारी मांगी गई है। विभिन्न बैंकों और लीड बैंक से बैंक खातों एवं ऋण खातों का ब्यौरा तलब किया गया है। बैंक लॉकरों की जानकारी प्राप्त करने और उनके संचालन पर रोक लगाने के लिए भी पत्राचार किया गया है। सेवा विवरण के लिए संबंधित विभाग और आयकर संबंधी जानकारी के लिए आयकर विभाग को पत्र भेजा गया है।

# डकैती की सनसनीखेज वारदात का 48 घंटे में खुलासा

ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर रघुवंश सिंह ने बताया कि दिनांक 9 जून 2026 को थाना उदयगढ़ क्षेत्रांतर्गत अखोली ग्राम से लगभग 7 किलोमीटर पश्चिम स्थित सुनसान कच्चे मार्ग पर वीडियोग्राफी कार्य हेतु आए युवकों के साथ डकैती की गंभीर घटना घटित हुई थी।

प्रकरण में फरियादी रूपेश पिता रमेश सिंगाडिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम छालकिया तड़वी फलिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाईल फोन के माध्यम से विवाह समारोह में वीडियोग्राफी एवं ड्रोन संचालन कार्य हेतु बुलाया गया था। अग्रिम भुगतान के रूप में एक हजार रुपए राशि प्रेषित कर उसे उदयगढ़ बुलाया गया, जहां से कुछ युवकों द्वारा उसे एवं उसके साथियों को अखोली ग्राम के समीप सुनसान क्षेत्र में ले जाया गया। वहां पूर्व नियोजित तरीके से 6-7 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फरियादी एवं उसके साथियों के साथ मारपीट कर सोनी एवं केनन कंपनी के कैमरे, डी.जे.आई. एयर-३एस ड्रोन, मोबाइल फोन तथा नगदी राशि लूटकर फरार हो गए थे।

घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना उदयगढ़ में अपराध क्रमांक 194 /2026 धारा 310(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचकर नाकाबंदी एवं सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया। साथ ही अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी एवं जानकारी देनें वालों को प्रोत्साहित करने हेतु पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह द्वारा 10 हजार के पुरस्कार की घोषणा की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर ज्योति उमठ बघेल के मार्गदर्शन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट श्री रविन्द्र राठी के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी उदयगढ़ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे एवं थाना प्रभारी आंबुआ उनि मोहन डावर के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों के द्वारा लगातार तकनीकी/भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण के साथ-साथ मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस के खुफिया तंत्र एवं साइबर सेल आलीराजपुर की सहायता से संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी गई।

लगातार किए गए प्रयासों के परिणाम स्वरूप 11 जून 2026 को प्राप्त विश्वस नीय सूचना के आधार पर ग्राम बावड़ी, थाना आंबुआ में दबिश देकर तीन संदिग्धों को अभिरक्षा में लिया गया, जिनमें एक आरोपी नवीन पिता हुसु मैड़ा निवासी बावड़ी तथा तीन विधि-विरुद्ध बालक सम्मिलित थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि घटना का मुख्य षड्यंत्र कर्ता सुनिल मावी निवासी बावड़ी एवं बिरम मावी निवासी झीरण हैं, जो रिकॉर्डिंग एवं गायन संबंधी कार्य करते हैं तथा आधुनिक कैमरा एवं तकनीकी उपकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से इस डकेती की योजना बनाकर इसे अंजाम देनें हेतु अन-?य लोगों को शामील किया गया था। अनुसंधान के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि घटना में प्रयुक्त मोबाइल सिम नवीन के पिता के नाम से पंजीकृत थी, जिसका उपयोग मुख्य आरोपी सुनिल द्वारा किया गया था। आरोपियों द्वारा फरियादी को अग्रिम राशि 1000 रुपए कियोस्क सेंटर के माध्यम से भेजकर विश्वास में लिया गया तथा योजनाबद्ध तरीके से घटना स्थल तक बुलाया गया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी चोरी की होना पाई गई, जो गुजरात राज्य की है।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए घटना के मात्र 48 घंटे के भीतर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की गई तथा गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटा गया एक ड्रोन कैमरा, एक सोनी कंपनी का कैमरा, एक केनन कंपनी का कैमरा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित लगभग

# नेपानगर के अमन हॉस्पिटल में नियमों की अनदेखी, जांच में कई गंभीर खामियां उजागर

ब्रह्मास्त्र ›› नेपानगर




नेपानगर स्थित अमन हॉस्पिटल में मरीजों की सुरक्षा और इलाज से जुड़े नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बुरहानपुर के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने 19 मई 2026 को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जांच रिपोर्ट में अस्पताल के संचालन में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पल्लवी मंडराई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र जामले, सहायक ग्रेड 3 योगेश गोस्वामी और बीई गौरव श्रीवास की टीम ने निरीक्षण के दौरान निम्न खामियां दर्ज की हैंः बिना पंजीकरण और लाइसेंस के संचालन अस्पताल नर्सिंग होम पंजीकरण और वैध लाइसेंस के बिना संचालित हो रहा था। योग्यता से अलग पद्धति से इलाज बीयूएमएस डिग्रीधारी डॉ. शिरीन अंसारी द्वारा मरीजों का एलोपैथी पद्धति से इलाज किया जा रहा था। पैथोलॉजी लैब में अनियमितता लैब में योग्य पैथोलॉजिस्ट उपस्थित नहीं थे। केवल बीएमएलटी उपाधिधारी रविंद्र मौजूद मिले। जांच दल ने पाया कि डॉ. दीपक एम पाटील के हस्ताक्षर से ब्लड टेस्ट रिपोर्ट जारी की जा रही थीं, जबकि वे उस समय वहां उपस्थित नहीं थे। उपस्थित न रहने वाले डॉक्टरों के नाम के बोर्ड*

अस्पताल परिसर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूशाली दलाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वप्नील पाटील, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व जायसवाल, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक पाटील और एमएस सर्जन डॉ. शुभम मालवीय के नाम के बोर्ड लगे थे, लेकिन निरीक्षण के दौरान इनमें से कोई भी डॉक्टर मौके पर उपस्थित नहीं मिला। बिना पंजीकरण के एक्स-रे संचालन- अस्पताल में एईआरबी यानी परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के पंजीकरण के बिना एक्स-रे मशीन संचालित की जा रही थी। बायोमेडिकल कचरे का अवैध निपटान- अस्पताल के पास नगर पालिका और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति नहीं थी। बायोमेडिकल वेस्ट का निपटान नियमों के अनुसार नहीं किया जा रहा था।

नर्सिंग होम संचालन के लिए आवश्यक स्थान और मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त नहीं थीं, जबकि यहां आईसीयू, एक्स-रे, पैथोलॉजी और मेडिकल स्टोर जैसी संवेदनशील सेवाएं चलाई जा रही थीं। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि उक्त अस्पताल बिना पंजीकरण एवं लाइसेंस के संचालित हो रहा है। बायोमेडिकल वेस्ट नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा एईआरबी की अनुमति के बिना संचालन किया जा रहा है, जो मरीजों, कर्मचारियों और आसपास के रहवासियों के लिए घातक हो सकता है। जांच दल ने पूरी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, बुरहानपुर को सौंप दी है।



# महेश्वर के विकास को मिली नई दिशा, संगठन व सरकार के समन्वय से तेज होंगे विकास कार्य

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं विकासशील छवि वाले विधायक राजकुमार मेव ने एक बार फिर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण कोर कमेटी की बैठक में सक्रिय सहभागिता निभाई। मध्यप्रदेश के माननीय कैबिनेट मंत्री एवं खरगोन जिला प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग की गरिमामय उपस्थिति में मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला खरगोन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में विधायक राजकुमार मेव ने महेश्वर विधानसभा क्षेत्र की जनभावनाओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य से महेश्वर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को और अधिक गति देने, जन समस्याओं के त्वरित समाधान तथा आगामी कार्य योजनाओं पर गंभीर मंथन किया गया। विधायक

## कमलेश पटेल फौजी बने भारतीय पत्रकार संघ के जिला संयोजक

**खरगोन।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद समाज और ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को आवाज देने के उद्देश्य से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हुए कमलेश पटेल (फौजी) को भारतीय पत्रकार संघ द्वारा जिला संयोजक, खरगोन नियुक्त किया गया है। पत्रकार हितों के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता एवं जनसेवा के कार्यों को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति प्रदेश संयोजक आमिर शेख के प्रस्ताव, प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू के निर्देश तथा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह की सहमति से की गई है। कमलेश पटेल ने भारतीय सेना में रहकर वर्षों तक देश की सेवा की है। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने पत्रकारिता को जनहित और ग्रामीण विकास का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, आमजन की आवाज और जनहित के मुद्दों को प्रशासन तक पहुंचाना तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करना है। उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों को एकजुट करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कमलेश पटेल की नियुक्ति पर जिले

# मानदेय कटौती और प्रशासनिक प्रताड़ना के खिलाफ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन के नेतृत्व में जिले भर की सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर गांधी चौराहा पर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

दशपुर कुंज में आम सभा के बाद निकाली गई इस विशाल आक्रोश रैली में कार्यकताओं ने समय पर मानदेय न मिलने, अल्प वेतन से मनमानी कटौती होने और जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ग्रेच्युटी व एरियर के आदेश को विभाग द्वारा लागू न करने पर गहरी नाराजगी जताई। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि लिखित आदेश के बावजूद स्थानीय अधिकारियों द्वारा जबरन 11 रजिस्टर बनवाने और नेटवर्क न होने पर भी पोषण ट्रैकर ऐप पर ऑनलाइन एंट्री के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। संगठन ने मांग की है कि उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित कर 20 से 25 हजार रुपये वेतन दिया जाए, ग्रीष्मकालीन अवकाश मिले और लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों का जिला से बाहर तबादला किया जाए।

इस अवसर पर संगठन के संरक्षक श्याम सोनावत, जिलाध्यक्ष चैना गुर्जर, जिला कोषाध्यक्ष मंजूबाला चौहान, संगीता पाठक, सरिता सुरावत, शिवकन्या हामोरा, आशा पोरवाल, सुगंध सूर्यवंशी, ममता शर्मा, तुलसी चौहान, सुमित्रा शर्मा, वंदना चन्द्रावत, सीमा मेघवाल, नीतु पांडे, भूली प्रजापत, विद्या चौहान, शोभा परिहार, गिरजाकुंवर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# दुल्हन ही भगवान का सबसे महान प्रसाद है - राष्ट्रसंत कमलमुनि जी

ब्रह्मास्त्र ›› पीपल्यामंडी

जहां पर स्वार्थऔर लालच का विचारों में संचार हो जाता है खून के रिश्ते मैं भी कड़वाहट घोल देता है सज्जन को शैतान और राक्षस बना देता है उक्त विचार राष्ट्रसंत कमल मुनि जी कमलेश ने श्री रामपूर बेंगलुरु में वीरांगना सम्मान समारोह को संबोधित करते कहा कि दहेज रुपी रावण ने महिलाओं को मानसिक यातना के साथ-साथ, जिंदा जलाना मौत के घाट उतारना, तलाक देना छोड़ देना आम बात हो गई है यह अक्षम्य अपराध है । उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने कलेजे का टुकड़ा आपके परिवार की सुख समृद्धि शांति और वृद्धि के लिए निस्वार्थ भाव से समर्पित करता है वह भगवान का सबसे महान प्रसाद है दुल्हन ही सबसे बड़ा दहेज है ।

मुनि कमलेश ने बताया कि दहेज के भूखे भेड़िए धर्म और मानवता के नाम पर कलंक है उनके द्वारा किया गया दान, तपस्या आराधना मात्र पाखंड है उनको नरक में भी जगह नहीं मिलेगी।राष्ट्र संत ने कहा कि दहेज लेना और देना दोनों ही अपराध है कितनी लड़कियां डोली में भी नहीं बैठ पाती है, बारात कुंवारी लौट जाती है यह वज्रपात परिवार के लिए आत्महत्या से बढ़कर होता है।जैन संत ने कहा कि दहेज केभिखारी शादी के मंडप में ही छोड़ कर चले जाते, खुशियों में कोहराम मत जाता है उनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में

**बड़वानी।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन पंजीयन, पंजीयन संशोधन तथा चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी के प्राचार्य श्री कमलेश गुप्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यार्थियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों से समय पर पंजीयन कर अपनी पसंद के संस्थान एवं पाठ्यक्रम का चयन करने का आग्रह किया है। प्रवेश नोडल अधिकारी श्री तानिलाल ठाकुर ने जानकारी दी कि द्वितीय चरण में ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया 9 से 18 जून रात्रि 11.45 बजे तक चलेगी।

# नंदी महाराज का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने अंतिम संस्कार किया

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

नगर के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के सामने एक दुखद घटना सामने आई, जहां सुबह करीब 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से नंदी महाराज की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक नंदी बाबा की मृत्यु हो चुकी थी इसके बाद कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ गौ मुक्ति धाम पर नंदी बाबा का अंतिम संस्कार किया गया। इस सेवा कार्य में बजरंग दल जिला गौ रक्षा प्रमुख मनोज केवट, विहिप प्रखंड मंत्री पीयूष वर्मा, बजरंग दल प्रखंड प्रचार-प्रसार प्रमुख राजा गोखले, रितिक वर्मा मौके पर पहुंचे।नंदी बाबा के अंतिम संस्कार के लिए जेसीबी मशीन की आवश्यकता होने पर समाजसेवी नितिन पाटीदार द्वारा सेवा भाव से निःशुल्क जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई। समाजसेवी नितिन पाटीदार करीब सात वर्षों से नगर सहित आसपास क्षेत्र में गौ माता की एक्सीडेंट और आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर जेसीबी मशीन की निशुल्क सेवा करते आ रहे हैं साथ ही कोरोना काल में गौ माता पर लम्पी वायरस जैसी भयानक बीमारियों में भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथ में गौ माता की सेवा और उपचार किया हमेशा की तरह इस बार भी नितिन पाटीदार ने मानवता और सेवा भावना का परिचय देते हुए सहयोग किया जिसके माध्यम से नंदी बाबा का अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

# मालवा में युवा की भूमिका के साथ मालवा विचार मंथन प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा



समग्र मालवा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वैचारिक अनुष्ठान मालवा विचार मंथन का शुभारंभ मालवा में युवाओं की भूमिका विषय पर चर्चा के साथ प्रारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वय युवराज सिंह पवार ने कहा कि मालवा को नशा मुक्ति दिलाने में युवाओं को आगे आना चाहिए। सामाजिक गतिविधियों में युवाओं की सक्रियता एवं उपयोगिता आवश्यक है ।युवाओं को इस दिशा में अपनी भूमिका प्रदान करना चाहिए। पवार ने कहा कि मालवा के युवा देश में प्रतिष्ठित हो और अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें ऐसा वातावरण बनाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में निकुम्भ पुरोहित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मालवा में कृषि पर आधारित कार्यों को आगे बढ़ाने में भूमिका प्रदान कर सकता है आज देश में मालवा की चार प्रमुख मंडियां इंदौर उज्जैन मंदसौर नीमच और जावरा है। जिसकी उपज की पहचान हे ओर देश-विदेश में भेजी जाती है । गुणवत्ता के रूप में जानी जाती है। युवाओं को कृषि आधारित उद्योग डालने के लिए अपनी भूमिका तय करना चाहिए ।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अभय कोठारी ने कार्यक्रम की जानकारी दी एवं संपूर्ण मालवा में रचनात्मक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए समग्र मालवा से जोड़ने का आग्रह किया। आपने जल संरक्षण में अटल ग्राम की विशेष पहचान बनने का उल्लेख किया और कहा कि आज संपूर्ण क्षेत्र में जल संरक्षण पर चर्चा हो रही है । कार्यक्रम में अर्पित शिकारी ने भी अपने विचार रखें आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना मनोहर सिंह मधुकर ने प्रस्तुत की स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान ने दिया एवं अतिथियों का स्वागत जगदीश उपमन्यु ,रमेश मनोहरा मधुकर, विनोद चौरसिया अभय श्रीवास्तव अमित ताम्रकार शिखर धाडीवाल, व्यास महेश शर्मा पेंन्टर आदि ने किया ।

## खबर एक नजर...



### पुलिस मुख्यालय के द्वारा आलीराजपुर को 4 वाहन आबंटित किये गये

**आलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर रघुवंश सिंह ने बताया कि जिला पुलिस आलीराजपुर को पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा शासकीय वाहन प्रदाय किये गये हैं। जिसमे 3 बोलेरो नियो एवं 1 ट्रक वाहन सम्मिलित है। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया एवं वाहनों को निम्नानुसार आबंटन किया गया है-

बोलेरो नियो वाहन आवंटित :एसडीओपी जोबट, एसडीओपी आलीराजपुर, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा ट्रक वाहन का उपयोग पुलिस विभाग की प्रशासनिक एवं लॉजिस्टिक आवश्यकताओं हेतु रक्षित केन्द्र केन्द्र के माध्यम से किया जावेगा। नवीन वाहनों के सम्मिलित होने से जिले में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं पुलिसिंग व्यवस्था और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ होगी। इस गरिमामय कार्यक्रम के दौरान श्रीमती ज्योति उमठ बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर एवं रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा, उपस्थित थे।

### आदिवासी बाहुल्य ग्राम खुड़गांव को विकास कार्यों की सौगात

**सनावद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने शुक्रवार को समीपस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम खुड़गांव में ग्रामवासियों से चर्चा की और ग्रामवासियों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम के अजजा समाज के 8.35 लाख रुपये लागत के सामुदायिक भवन, 11.22 लाख रु की लागत के आंगनवाड़ी भवन एवं 5 लाख की लागत से ईजीएस शाला से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामवासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप ग्राम विकास कार्यों के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन यादव,सरपंच रमेश आंजना, जनपद सदस्य जय करोड़ा,रुपेश चौहान,राकेश बिरला,दिलीप बिरला,राजाराम डावर,रायसिंग डावर भूरसिंग जमरे, रुपसिंग जमरे, रुपसिंग डावर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### विशेष शिविरों की व्यवस्था पर उठे सवाल, बंद कमरों में चल रहा आयोजन

**नेपानगर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 जून से 17 जून तक पात्र लाभार्थियों के लिए लगाए जाने वाले विशेष शिविरों की व्यवस्था को लेकर नेपानगर में नाराजगी देखी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार ये शिविर खुले और सुलभ स्थानों पर आयोजित किए जाने थे, लेकिन यहां शिविर बंद कमरों में संचालित किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिविर स्थल पर अधिकारी और स्टाफ वातानुकूलित कमरों में कार्य कर रहे हैं, जबकि बाहर पात्र लाभार्थी और आम जनता भीषण गर्मी में इंतजार कर रही है। लाभार्थियों का आरोप है कि शिविर तक पहुंचने और पंजीयन कराने में असुविधा हो रही है। विशेष शिविरों का उद्देश्य पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध कराना है। अब देखना होगा कि प्रशासन व्यवस्था में बदलाव कर शिविरों को खुले और सुलभ स्थान पर स्थानांतरित करता है या नहीं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, आगामी त्योहारों की कानून व्यवस्था और विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

### रोजगार मेला लगेगा 16 जून को

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी योजनान्तर्गत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में बेरोजगार आवेदको को रोजगार मुहैया कराने के लिये जिले में 16 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में युवा संगम ( रोजगार मेला ) का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजित रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 4 कम्पनियो के प्रतिनिधियो द्वारा बेरोजगार आवेदको का साक्षात्कार पश्चात चयन किया जायेगा ।जिला रोजगार अधिकारी श्री टीएस डूडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार युवा संगम मेले में केडीएस इन्टरप्राइजेस पीथमपुर की कम्पनी द्वारा तकनीशियन कम आपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, फिटर के महिला, पुरूष के 80 पदो के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा । वेतनमान 13 हजार 25 हजार रुपए दिया जायेगा ।शैक्षणिक योग्यता 8वी से 12वी तथा आईटीआई एवं आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिये ।इसी प्रकार क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड इन्दौर केन्द्र मैनेजर के 25 पद के लिये साक्षात्कार लेकर चयन किया जायेगा ।इन पदो के लिये वेतनमान 12250 रुपए प्रतिमाह रहेगा।

# अतिक्रमण हटाने गए अधिकारियों और पुलिस पर पथराव

## तीन पुलिसकर्मी घायल चलाये आंसू गैस के गोले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



जिले के ग्राम पलसोड़ी में शुक्रवार को उस समय भारी तनाव फैल गया, जब प्रस्तावित औद्योगिक निवेश क्षेत्र में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अमले पर ग्रामीणों ने उग्र विरोध जताते हुए पथराव कर दिया। पथराव में एक महिला पुलिसकर्मी सहित तीन जवान घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और भीड़ को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े। पुलिस ने हंगामा और पथराव करने वाले करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार एसडीएम आर्ची हरित, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, आरआई विक्की ठाकुर और १० पटवारियों का दल भारी पुलिस बल के साथ पलसोड़ी पहुंचा था। प्रशासन के साथ दो पोकलेन मशीन, दो जेसीबी, पांच डंपर और ट्राले भी थे। जैसे ही एक्सेस रोड के निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई, बड़ी संख्या में ग्रामीण और आदिवासी वहां एकत्र हो गए और विरोध करने लगे। अधिकारियों ने पहले ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वर्तमान में केवल एक्सेस रोड का काम किया जा रहा है और किसी के आवास या कृषि भूमि को प्रभावित नहीं किया जा रहा है। समझाइश के बावजूद जब सहमति नहीं बनी, तो पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेना शुरू किया। इसी बीच आक्रोशित भीड़ ने अचानक पुलिस और प्रशासनिक अमले पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

हालात बिगड़ते देख पुलिस व्यवस्था की कमान संभाल रहे सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के निर्देश पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हुई और स्थिति पर काबू पाया जा सका। एहतियात के तौर पर मौके पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस भी तैनात की गई थी। कार्रवाई के दौरान औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी, डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव और माणक चौक थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान सहित 100 से अधिक पुलिसकर्मी वज्र वाहन के साथ तैनात रहे।

पलसोड़ी सहित आसपास के चार-पांच गांवों की करीब 1700 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक निवेश क्षेत्र में शामिल किया गया है। ग्रामीण लंबे समय से इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इस परि योजना के आने से उनकी उप जाऊ कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र पूरी तरह प्रभावित होंगे, जिससे उन्हें बड़े पैमाने पर विस्था पन का सामना करना पड़ेगा।

### प्रशासन का पक्ष

मामले को लेकर शहर एसडीएम आर्ची हरित ने बताया कि पलसोड़ी क्षेत्र में भूमि आवंटन के बाद एक्सेस रोड (पहुंच मार्ग) के निर्माण की कार्रवाई की जा रही थी। ग्रामीणों को विस्तार से समझाया गया था कि इस कार्रवाई से किसी की निजी कृषि भूमि या आवास को नुकसान नहीं पहुँचाया जा रहा है और उन्हें भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। पुलिस ने उपद्रव करने वाले करीब 40 से 50 संदिग्धों को चिह्नित कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मानसून और बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



उज्जैन संभाग के आयुक्त आशीष सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंदसौर जिले में मानसून और संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। संभागायुक्त ने सभी विभागों को चौबीसों घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय रखने, जलमग्न होने वाले पुल-पुलियाओं पर चेतावनी बोर्ड लगाने, स्थानीय गोताखोरों को प्रशिक्षित करने और एसडीआरएफ व एनडीआरएफ टीमों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए हैं।बैठक में कलेक्टर अदिति गर्ग ने जिले में रेलवे एवं एनएचएआई के इंटरसेक्शन तथा विभिन्न अंडरब्रिजों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से अवगत कराया। इस पर संबंधित विभागों को आवश्यक समन्वय एवं समाधानात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जिले के विभिन्न अंडरब्रिज और रेलवे इंटरसेक्शन पर होने वाले जलभराव की समस्या से अवगत कराया।

## चोरी हुई कार बरामद

मन्दसौर। दलौदा थाना पुलिस टीम ने दलौदा क्षेत्र के कृष्णा ऑटोडील के बाहर से चोरी हुई एक चार पहिया महिंद्रा एक्सयूवी 300 कार को बरामद कर लिया है। घटना के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों, विश्वसनीय मुखबिरों के नेटवर्क और घटना स्थल व रूट के करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों तथा टोल नाकों के फुटेज खंगाले। पुलिस ने अपने व्यावसायिक कौशल का उपयोग कर अज्ञात आरोपियों की तलाश करते हुए 8 लाख रुपये कीमत के इस चोरी गए वाहन को सुरक्षित जब्त कर लिया है।

## मेडिकल कॉलेज में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

मन्दसौर। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की पूर्व तैयारियों एवं काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिला आयुष विभाग एवं सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिन्दु ध्रुव, आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापकगण तथा लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों को नियमित योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर योग के सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई।

## अ.जा.आयोग के सदस्य मालवीय का नीमच में आत्मीय स्वागत

नीमच। म.प्र.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय का नीमच सर्किट हाउस पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने आत्मीय स्वागत किया। एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सहायक संचालक जनसंपर्क नीमच श्री जगदीश मालवीय, अ.जा. कल्याण विभाग के क्षेत्र संयोजक श्री प्रियतम अभिभाषक मनासा श्री भेरूप्रसाद परमार, अ.जा.क.विभाग के श्री राम नारायण मालवीय, डॉ.प्रकाश मालवीय, कुकडेश्वर के श्री गोविंद बिलोदिया, श्री मदन मोर्य, श्री कन्हैयालाल मालवीय, श्री भेरूलाल मालवीय, श्री राधेश्याम मालवीय, श्री गुड्डू मालवीय सहित बडी संख्या में समाजजनों ने आयोग के सदस्य , सहित बीजेपी के नेतागण ने भी श्री मालवीय का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया।

## श्री शीतलामाता मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य 17 जून से प्रारम्भ होगा

मन्दसौर। अति प्राचीन शीतलामाता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष श्री अर्जुन डाबर एवं सचिव कन्हैयालाल सोनगरा ने बताया कि नगर के लक्ष्मी बाई चौराहा संजीत नाका पर स्थित शीतला माता मंदिर अति प्राचीन होकर यहां भगवान शिव व दुर्गा माता भी विराजित है। माता रानी के दरबार में विगत 33 वर्षों से नवरात्रि में निरन्तर गरबा आयोजन हो रहा है। संजीत नाका चौराहा का विकास एवं उत्कृष्ट सड़क निर्माण होने से मंदिर का फर्श पूर्ण रूप से सड़क के बराबर हो गया है जिससे वर्षा का पानी व नाले का पानी मंदिर परिसर में भर जाता है। उक्त समस्या से निजात हेतु मंदिर विकास समिति के निर्णय अनुसार 17 जून को मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ होगा। बैठक में सर्वश्री गुरुचरण बग्गा, श्रवण कुमार त्रिपाठी, राजेश गुर्जर, महेश पंवार, भैरूलाल चौहान, सुरेश शर्मा, रामचन्द्र गुप्ता, सुभाषसिंह चौहान, भंवरलाल पाण्डेय, कन्हैयालाल माण्डेला व ओम जमड़ा आदि उपस्थित थे।

## खेत की मेड को लेकर महिला से मारपीट

नीमच। कुकड़ेश्वर थाना के खेत की मेड़ को लेकर विवाद ने गंभीर रूप ले गया। एक महिला ने कुछ लोगों पर मारपीट, गला दबाने और छेड़छाड़ करने के आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे खेत में जेसीबी से कार्य चल रहा था। इसी दौरान मेड़ को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि विरोध करने पर किशोर पिता गंगाराम पाटीदार, दीपक पिता किशोर पाटीदार तथा अन्य लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया।

## वध के लिये ले जाये जा रहे चार गौवंश पुलिस ने मुक्त कराये,3 आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में 8 लेन टोल के पास गरोठ पर पुलिस ने एक पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर वध हेतु ले जाते हुए चार गौवंश को पकड़ा। पुलिस ने प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने यह कार्यवाही गुरूवार की शाम को की। इस प्रकरण में आरोपी निर्मल, गोपाल (34) पिता जामूसिंह निवासी मादलदा थाना थांदला जिला झाबुआ और करणसिंह (20) पिता हूरजी निवासी बाथड़ीकला थाना पाटन जिला बांसवाड़ा के कब्जे से पिकअप वाहन नं. जीजे 3 वाय 7228 में क्रूरतापूर्वक भरे गये चार गौवेंश (बेल) जब्त किये।

# टाईम पास


## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ






## जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा
तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...
00000000000
सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है।
उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
000000000
डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम, प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी-3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग्य, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**
1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरूर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाइन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 75 | | 10 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 50 | | 2 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 30 | | 1 | | 30 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | | 12 | | 30 | | 21 | = | 30 / 29 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'स' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढ़िए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---------------

सफलता, सरकार, सजा, सचेत, सजग, सरफरोश, सल्तनत, सड़क, सत्ताधीश, सताना

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 1 | | 3 | 4 |
| 2 | 33 | | 34 | | 30 | |
| 3 | 5 | 4 | | 7 | | 2 |
| | 36 | | 32 | | 23 | 6 |
| 7 | | 5 | | 3 | | |
| | 36 | | 34 | 4 | 31 | |
| 1 | | 3 | | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | + | 99 | - | 99 | - | 49 | = | 50 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 50 | - | 40 | x | 5 | - | 25 | = | 25 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | + | 4 | + | 45 | - | 20 | = | 30 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 30 | x | 3 | - | 50 | + | 10 | = | 50 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 39 | + | 58 | + | 9 | - | 34 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल [illegible] का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

### फुटबॉल वर्ल्डकप में अमेरिका पर भेदभाव के आरोपः

# रेफरी को वापस भेजा, रन-वे पर खिलाड़ियों की जांच, फैन बोले- अपराधियों सा बर्ताव




फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले अमेरिका पर भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। विवाद तब बढ़ा, जब सेनेगल, उज्बेकिस्तान और सोमालिया से जुड़े खिलाड़ियों व अधिकारियों की रनवे पर ही कड़ी जांच की गई। ड्रग्स की जांच के लिए डॉग स्क्वॉड भी बुलाया गया। इन घटनाओं के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

लोगों ने सवाल उठाए हैं कि खिलाड़ियों और खेल अधिकारियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। विवाद उस समय और बढ़ गया, जब सोमालिया के रेफरी उमर आर्टन को वैध अमेरिकी वीजा होने के बावजूद मियामी एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया। आर्टन वर्ल्ड कप में रेफरी की जिम्मेदारी निभाने वाले पहले सोमाली अधिकारी बनने वाले थे। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त जांच के बाद उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

### यूजर्स बोले- फीफा चुप क्यों है

कई यूजर्स ने फीफा पर भी आरोप लगाया कि विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा उन देशों के खिलाड़ियों के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार पर चुप है। जांच से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि क्या यह व्यवहार सभी टीमों के साथ समान था। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा- क्या किसी श्वेत टीम के साथ भी ऐसा हुआ, या यह व्यवहार केवल सेनेगल के लिए था? यह अजीब है।

### ईरानी फुटबॉल संघ से रिजर्व टिकट वापस लिए



ईरान के फुटबॉल महासंघ ने आरोप लगाया कि फीफा विश्व कप के लिए उसके लिए रिजर्व टिकटों का हिस्सा वापस ले लिया गया।इससे उन ईरानी प्रशंसकों को बड़ा झटका लगा है जिन्होंने पहले ही यात्रा की बुकिंग कर ली थी, लेकिन अब वे अपनी टीम के मैच नहीं देख पाएंगे। ईरान का पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 जून को होगा। इसके बाद टीम 22 जून को बेल्जियम और 27 जून को इजिप्ट से भिड़ेगी। ईरानी महासंघ ने कहा- ईरानी समर्थकों को टिकट कोटे से वंचित करना खेल भावना और समानता के सिद्धांत के खिलाफ है।

# इजराइल में नेतन्याहू फिर पीएम पद के लिए चुनाव लड़ेंगे

### पार्टी बोली- ईश्वर ने चाहा तो जीतेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अगला चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उनकी पार्टी लिकुड ने बुधवार को इसकी घोषणा की। लिकुड पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि नेतन्याहू फिर चुनाव लड़ेंगे और ईश्वर की इच्छा हुई तो वे जीतेंगे भी। इससे पहले अटकलें लग रही थीं कि वे अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। इजराइल में अभी चुनाव की तारीख घोषित नहीं हुई है, लेकिन मौजूदा नियमों के अनुसार चुनाव अक्टूबर तक कराना होगा। यह इजराइल का पहला राष्ट्रीय चुनाव होगा, जो 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास हमले के बाद कराया जाएगा। इस हमले को इजराइल की सबसे बड़ी सुरक्षा विफलताओं में से एक माना जाता है। दिसंबर 2022 में सत्ता में लौटे नेतन्याहू वर्तमान में इजराइल के इतिहास के सबसे दक्षिणपंथी गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में लगातार राजनीतिक विवाद और क्षेत्रीय संघर्ष देखने को मिले हैं। गाजा, लेबनान और ईरान के साथ संघर्षों से पहले उनकी सरकार के खिलाफ देशभर में बड़े विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद भी उन्हें सुरक्षा और घरेलू मुद्दों पर लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हाल के जनमत सर्वेक्षणों में संकेत मिले हैं कि अगले चुनाव में नेतन्याहू के गठबंधन को संसद में बहुमत हासिल करने में मुश्किल हो सकती है। 9 जून को जारी एक सर्वे में 61 प्रतिशत इजराइलियों ने कहा कि नेतन्याहू को दोबारा चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।

### पीओके में पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश सवार सभी लोगों की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बुधवार को पाकिस्तानी सेना का एक टक-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा क्र्ढफ के मुताबिक, हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे। हादसे के बाद बचाव और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# पाकिस्तान का बजट पेश, सरकार बोली- कर्ज सबसे बड़ी चुनौती, ब्याज की किस्तें चुकाने में 8 लाख करोड़ खर्च होंगे





ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 18 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए से ज्यादा का बजट पेश किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने संसद में यह बजट प्रस्ताव रखा।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों को पूरा करने और देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए इस बजट में कड़े आर्थिक फैसले लिए गए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, पाकिस्तान की सबसे बड़ी चुनौती अब भी कर्ज है। कुल 18.8 लाख करोड़ के बजट में से 8.05 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए सिर्फ पुराने कर्ज और उसके ब्याज की किस्तें चुकाने में खर्च हो जाएंगे। बजट में रक्षा खर्च को खास प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने सेना और रक्षा से जुड़े खर्चों के लिए करीब 3 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए आवंटित किए हैं। इसके अलावा रक्षा सेवाओं के प्रशासनिक खर्च के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। पिछले साल के मुकाबले रक्षा बजट में 17.5 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। नए वित्त वर्ष में 4% ग्रोथ का लक्ष्य रखा है, जबकि औसत महंगाई दर 8.2% रहने का अनुमान जताया गया है। सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में 7% की बढ़ोतरी की गई है, साथ ही न्यूनतम मजदूरी में 10% की वृद्धि का प्रस्ताव है। अमीर वर्ग पर लगने वाले 9% सरचार्ज को हटा दिया गया है। पाकिस्तान में गरीबी लगातार बढ़ रही है, जबकि शिक्षा पर सरकारी खर्च में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पाकिस्तान इकोनॉमिक सर्वे 2025-26 के अनुसार, देश की गरीबी दर 2018-19 के 21.9% से बढ़कर 2024-25 में 28.9% हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई, आय में असमानता और आर्थिक दबावों के कारण लाखों लोग फिर से गरीबी रेखा के नीचे पहुंच गए हैं। बढ़ती कीमतों ने लोगों की क्रय शक्ति को प्रभावित किया है, जिससे परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। सर्वे के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी गरीबी बढ़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गरीबी बढ़ने के साथ आय असमानता में भी वृद्धि हुई है।

### फिलीपींस में भूकंप के बाद 2100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए, मौत का आंकड़ा 45 पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फिलीपींस


फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद हालात अभी भी सामान्य नहीं हो पाए हैं। मुख्य भूकंप के दो दिन बाद भी धरती लगातार कांप रही है और अब तक 2100 से ज्यादा आफ्टरशॉक दर्ज किए जा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप और उसके बाद हुए नुकसान में 45 लोगों की मौत हो चुकी है, 630 से ज्यादा लोग घायल हैं और 17 लोग अब भी लापता हैं। बुधवार को जनरल सैंटोस शहर में एक ढही हुई इमारत में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान फिर जोरदार झटका महसूस हुआ। झटके के बाद बचावकर्मियों को तुरंत बाहर निकलना पड़ा, क्योंकि इमारत से मलबा गिरने लगा था। लगातार आ रहे आफ्टरशॉक की वजह से लोग घर लौटने से डर रहे हैं। 25 हजार से ज्यादा लोग अब भी राहत शिविरों में रह रहे हैं। भूकंप से 3,100 से ज्यादा घर, दर्जनों सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। जनरल सैंटोस एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है, जिसके चलते सामान्य उड़ानें बंद कर दी गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह फिलीपींस में पिछले कई दशकों के सबसे ताकतवर भूकंपों में से एक है।

### दक्षिण अफ्रीका में मास शूटिंग में 12 लोगों की मौत, 10 से ज्यादा हमलावरों की तलाश

दक्षिण अफ्रीका में एक बार फिर सामूहिक गोलीबारी की बड़ी घटना सामने आई है। मंगलवार शाम देश के गौतेंग प्रांत में जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित क्लीवलैंड इलाके की जंपर्स अनौपचारिक बस्ती में अज्ञात हमलावरों ने कई जगहों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए।

# यूएस ने कहा- तेहरान को पैसा नहीं मिलेगा

### पाक पीएम बोले- अमेरिका-ईरान डील का फाइनल ड्राफ्ट तैयार




पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते का फाइनल ड्राफ्ट तैयार हो चुका है और अब अगले कदमों पर काम किया जा रहा है। शहबाज ने सोशल मीडिया पर कहा कि दोनों देश समझौते की शर्तों पर सहमत हो चुके हैं। उनके मुताबिक शांति समझौता अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है।

हालांकि, दूसरी ओर अमेरिका ने ईरान को किसी भी तरह की तत्काल आर्थिक राहत मिलने की खबरों को खारिज कर दिया है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि सिर्फ डील साइन करने या बातचीत में शामिल होने के बदले ईरान को कोई पैसा नहीं मिलेगा। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि समझौते के तहत ईरान के फ्रीज्ड फंड जारी किए जा सकते हैं। अमेरिकी सरकार का कहना है कि आर्थिक लाभ तभी मिलेंगे, जब ईरान समझौते की शर्तों का पालन करेगा। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच शुरूआती समझौते के बाद होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोल दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि हालात पूरी तरह पहले जैसे नहीं होंगे। ईरान इस अहम समुद्री रास्ते पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा। भविष्य में यहां से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स भी वसूल सकता है।

अमेरिका के पूर्व राजनयिक हेनरी एंशर का मानना है कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच हुआ समझौता सिर्फ एक अस्थायी व्यवस्था है। इससे फिलहाल तनाव कम हो सकता है, लेकिन दोनों देशों के बीच मौजूद बड़े विवाद अभी भी हल नहीं हुए हैं।

अल जजीरा से बातचीत में एंशर ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच मूल मतभेद अब भी बने हुए हैं। उनके मुताबिक यह समझौता दोनों पक्षों को लड़ाई रोकने, थोड़ा समय लेने और आगे की रणनीति तय करने का मौका देता है।

# 2 उइगर मुस्लिम थाईलैंड के ब्रह्मा मंदिर में बम ब्लास्ट के दोषी करार



थाईलैंड की एक अदालत ने 2015 में बैंकॉक के एरावन मंदिर बम धमाके के मामले में दो उइगर मुस्लिमों आरोपियों को मौत की सजा सुनाई है। इस धमाके में 20 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें एक सिंगापुर का नागरिक भी शामिल था, जबकि 120 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

एरावन मंदिर बैंकॉक का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह हिंदू देवता ब्रह्मा को समर्पित है। यहां चार मुख वाले ब्रह्मा की प्रतिमा स्थापित है, जिसे थाई भाषा में फ्रा फ्रोम कहा जाता है। हर दिन हजारों स्थानीय लोग और विदेशी पर्यटक यहां पूजा करने और मनोकामना मांगने आते हैं।

अदालत ने दोनों आरोपियों को पहले से योजना बनाकर हत्या करने समेत कई गंभीर अपराधों का दोषी माना और उन्हें फांसी की सजा सुनाई। दोनों आरोपियों ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। किसी संगठन ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली थी। हालांकि सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला थाईलैंड की तरफ से 100 से ज्यादा उइगर लोगों को चीन वापस भेजे जाने के विरोध में किया गया था।

# दुनिया का सबसे छोटा गणराज्य नाउरू जल्द ही अपना सकता है नया नाम



दुनिया का सबसे छोटा गणराज्य नाउरू जल्द ही अपना नाम बदल सकता है। संसद में एक प्रस्ताव पारित होने के बाद देश में जनमत संग्रह कराया जाएगा, जिसमें नागरिक तय करेंगे कि नाउरू का आधिकारिक नाम बदलकर नाओएरो किया जाए या नहीं।

राष्ट्रपति डेविड अडियांग ने संसद में कहा कि नाओएरो नाम देश की विरासत, भाषा और पहचान का अधिक सम्मान करता है। प्रस्ताव बिना किसी विरोध के पारित हुआ है। सरकार के अनुसार, स्थानीय लोग अपनी भाषा में देश को नाओएरो कहते हैं। हालांकि, विदेशी लोगों के लिए इसका उच्चारण कठिन होने के कारण आधिकारिक रिकॉर्ड में नाउरू नाम प्रचलित हो गया। सरकार का कहना है कि यह बदलाव स्थानीय लोगों की पसंद नहीं बल्कि बाहरी सुविधा के लिए किया गया था।

नाउरू का नाम कई बार बदल चुका है। 1798 में एक ब्रिटिश नाविक ने इसका नाम प्लेजेंट आइलैंड रखा था। 1888 में जर्मनी के कब्जे के बाद नाउरू नाम आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज हुआ। बाद में ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन ने भी यही नाम जारी रखा। देश को 1968 में स्वतंत्रता मिली। विशेषज्ञों का मानना है कि मूल नामों की वापसी केवल भाषाई बदलाव नहीं बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आत्मनिर्णय का प्रतीक है। दुनिया के कई देशों ने भी अपनी स्थानीय पहचान को मजबूत करने के लिए नाम बदले हैं।

यूनेस्को नाउरू की मूल भाषा को गंभीर रूप से संकटग्रस्त मानता है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि नाओएरो नाम अपनाने से भाषा संरक्षण और सांस्कृतिक निरंतरता को बढ़ावा मिल सकता है।

■ वर्ष-12 अंक-220 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 13 जून, 2026

## सुभाषितानि

दुर्जनेषु च सपेर्षु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे॥

**भावार्थ** : दुष्ट और साँप, इन दोनों में साँप अच्छा है, न कि दुष्ट। साँप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है।

सकुले योजयेत्कन्या पुत्रं पुत्रं विद्यासु योजयेत्।
व्यसने योजयेच्छत्रुं मित्रं धर्मे नियोजयेत्॥

**भावार्थ** : कन्या का विवाह किसी अच्छे घर में करनी चाहिए, पुत्र को पढ़ाई-लिखाई में लगा देना चाहिए, मित्र को अच्छे कार्यों में तथा शत्रु को बुराइयों में लगा देना चाहिए। यही व्यवहारिकता है और समय की मांग भी।

## सम्पादकीयम्

### महिला आरक्षणविषये

महिला आरक्षणविषये सहमतिः, परिसीमनविषये विवादः; सत्ताधारी विपक्षी दलयोः मतभेदाः अवश्यमेव सेतुः करणीयः महिला आरक्षणं परिसीमनं च विषये सत्ताधारी दलस्य विपक्षस्य च मध्ये तनावः वर्धितः अस्ति। नरेन्द्रमोदी इत्यनेन आश्वासनं दत्तं यत् कोऽपि भेदभावः न भविष्यति, तस्य कार्यान्वयनस्य पद्धतेः विषये विपक्षः प्रश्नान् उत्थापयति। दक्षिणराज्यानां चिन्ता अद्यापि वर्तते। दीर्घकालं यावत प्रलम्बितस्य महिला आरक्षणविधेयकस्य विषये सहमतिः निमातुं सवेषां हितधारकाणां कृते स्वीकार्यं संकल्पं अन्वेष्टुं च आवश्यकतायां बलं दत्तम् अस्ति। विशेषसंसदसत्रस्य प्रथमदिने एव सर्वकारस्य विपक्षस्य च मध्ये यत् तनावः दृष्टः तस्य संकेताः पूर्वमेव स्पष्टाः आसन्। दक्षिणराज्यानि परिसीमनविषये केन्द्रस्य विषये संशयिताः एव तिष्ठन्ति, अस्मिन् वृत्तौ ते विपक्षदलेभ्यः अपि समर्थनं प्राप्नुवन्ति यद्यपि पीएम नरेन्द्रमोदी लोकसभायां आश्वासनं दत्तवान् यत् कस्यापि राज्यस्य भेदभावः न भविष्यति तथापि अस्मिन् विषये सत्ताधारीपक्षस्य विपक्षस्य च मध्ये महत्त्वपूर्णः खाई अस्ति। परिसीमनस्य चिन्ता : पीएम इत्यनेन महिला आरक्षणस्य विषयस्य राजनैतिकपरिमाणे तौलनस्य विरुद्धं अपीलं कृतम् अस्ति। महिलानां नेतृत्वक्षमताम् उद्धृत्य सः चेतवति स्म यत् ये जनाः अस्य परिवर्तनकारीपरिवर्तनस्य विरोधं कुर्वन्ति तेषां कृते भविष्ये तस्य मूल्यं दातव्यं भवेत् इति।

**सामाजिकमाध्यमेषु आरब्धः व्यङ्ग्य-अभियानः**

# कोकरोच जनता पार्टी इति नाम्ना प्रसिद्धः अयं अभियानः तीव्रगत्या व्यापकयुवा-

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सामाजिकमाध्यमेषु आरब्धः व्यङ्ग्य-अभियानः अधुना राष्ट्रस्य युवानां मध्ये प्रमुख-आन्दोलने विकसितः अस्ति। कोकरोच जनता पार्टी इति नाम्ना प्रसिद्धः अयं अभियानः तीव्रगत्या व्यापकयुवा-आन्दोलने परिणतः अस्ति, येन बेरोजगारी, परीक्षाघोटाला, कागजस्य लीक, शिक्षाव्यवस्थायाः स्थितिः, अवसरानां अभावः इत्यादयः विषयाः राष्ट्रियविमर्शे अग्रणीः अभवन् देशे कोटिकोटियुवकानां मध्ये लोकप्रियतां प्राप्य एतत् आन्दोलनं राजनैतिकसामाजिकवृत्तानां ध्यानं आकर्षितवान् अस्ति। राजधानीयां जन्तर-मन्तरे अद्यतन-विरोध-प्रदर्शने युवानां बृहत्-परिमाणेन सहभागिता एतत् केवलं सामाजिक-माध्यम-प्रवृत्तिः न अपितु युवानां वर्धमानस्य असन्तुष्टेः अभिव्यक्तिः इति संकेतं ददाति।

प्रतीकात्मकं व्यङ्ग्यप्रतिक्रियारूपेण अन्तर्जालमाध्यमेन अस्य आन्दोलनस्य उत्पत्तिः अभवत्। युवानः काकरोचः प्रतीकरूपेण स्वीकृतवन्तः-एकः प्राणी यः प्रतिकूलतायाः सम्मुखे जीवति, स्थास्यति च। प्रतिभागिनः वदन्ति यत् अद्यतनपीढी अपि तथैव निरन्तरं चुनौतीनां, प्रतिस्पर्धात्मकपरीक्षाणां विषये अनिश्चिततायाः, रोजगारसंकटस्य, प्रशासनिकस्य अव्यवस्थायाः च मध्ये संघर्षं कुर्वती अस्ति। फलतः काकः संघर्षस्य, लचीलतायाः, अस्तित्वयुद्धस्य च प्रतीकं जातम्।

दिनाभ्यन्तरे एव एतत् प्रतीकं सामाजिकमाध्यममञ्चेषु वायरल् अभवत्।



सहस्राणि युवानः स्वस्य प्रोफाइल चित्राणि परिवर्तयन्ति स्म, मीम्स् निर्मितवन्तः, विडियो साझां कृतवन्तः, आन्दोलनेन सह सम्बद्धानि सन्देशानि च प्रसारितवन्तः। सामाजिकमाध्यमानां शक्तिना चालितः अयं अभियानः विभिन्नराज्येषु छात्राणां युवानां च संस्थानां मध्ये प्राप्तवान्। विशुद्धरूपेण डिजिटल-अभियानात् शीघ्रमेव वास्तविक-जनसहभागितायाः विशेषतायाः आन्दोलने विकसितः।

जन्तर-मन्तर-विरोध-प्रदर्शने युवानां प्रतिभागिनः बेरोजगारी, भर्तीपरीक्षायां विलम्बः, कागद-रिसावस्य घटनाः, शिक्षाव्यवस्थायां सुधाराः च इति विषये माङ्गल्याः उत्थापितवन्तः विरोधप्रदर्शने छात्राः व्याख्यातवन्तः यत् ते प्रतियोगितापरीक्षायाः सज्जतायां वर्षाणि यापयन्ति, तथापि पुनरावृत्तिपत्रस्य लीकं, भर्तीप्रक्रियासु विलम्बः, प्रशासनिकअनिश्चितता च तेषां भविष्यं संकटग्रस्तं भवति। अनेके युवानः एतत् न केवलं रोजगारस्य विषयः अपितु सामाजिकन्यायस्य समानावसरस्य च विषयत्वेन वर्णितवन्तः।

रोचकं तत् अस्ति यत् आन्दोलने पारम्परिकराजनैतिकनाराणाम् अपेक्षया अभिव्यक्तिरूपं सृजनात्मकं व्यङ्ग्यं च स्वीकृतवान्। आन्दोलनकारिणः पोस्टराणि, पुस्तकानि, प्रतीकात्मकवस्तूनि च वहन्तः दृश्यन्ते स्म। सामाजिकमाध्यमेषु प्रसारितेषु छायाचित्रेषु, भिडियोषु च युवानः शान्तिपूर्वकं स्वमाङ्गं प्रकटयन्ति इति दृश्यते स्म। अस्य कारणात् एतत् आन्दोलनं जेन जेड् इत्यनेन राजनैतिकसामाजिकव्यञ्जनस्य नूतनरूपरूपेण दृश्यते।

विश्लेषकाः मन्यन्ते यत् एतत् आन्दोलनं केवलं एकस्मिन् विषये एव सीमितं नास्ति; तस्य आधारः युवानां व्यापकचिन्ताभिः आकांक्षैः च अस्ति। वर्धमानः प्रतिस्पर्धा, कार्यविपण्ये परिवर्तनं, प्रौद्योगिकी-चुनौत्यं, शिक्षाव्यवस्थायाः अन्तः समस्याः च दीर्घकालं यावत् युवानां मध्ये चचार्याः विषयाः सन्ति एतेषां सवेषां विषयाणां निवारणाय कोकरोचजनतापक्षः साधारणं मञ्चं प्रदत्तवान् अस्ति। विशेषज्ञानाम् अनुसारं जेन् जेड् इत्यस्य एकं परिभाषितं लक्षणं अस्ति यत् एषा अङ्कीयजगति जन्म प्राप्य पालिता पीढी अस्ति।

**५ वर्षाणि यावत् व्याप्तः**

# सहमतिः सम्बन्धः बलात्कारः इति न वक्तुं शक्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एकस्मिन् महत्त्वपूर्णे प्रकरणे निर्णयं दत्त्वा मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयस्य जबलपुरपीठेन उक्तं यत् यदि दीर्घकालं यावत् द्वयोः प्रौढयोः मध्ये सहमतिपूर्वकं सम्बन्धः विद्यते तर्हि तदनन्तरं बलात्कारस्य आरोपः स्वयमेव अपराधस्य करणं सिद्धं न करोति। ग्रीष्मकालीनावकाशे एकन्यायाधीशपीठस्य अध्यक्षतां कुर्वन् न्यायाधीशः देवनारायणमिश्रः एतादृशे प्रकरणे अभियुक्तेभ्यः सशर्तं पूर्वानुमानं जमानतम् अयच्छत्।

एषः प्रकरणः सिङ्गरौलीनगरस्य निवासी राजेशचरमकरस्य विषये अस्ति, यस्य विरुद्धं एकया महिलायाः बलात्कारस्य प्रकरणं पञ्जीकृतम् आसीत्। अभियुक्ता विवाहस्य मिथ्या बहानेन तया सह यौनसम्बन्धं कृतवती इति शिकायतया आरोपितम्। गिरफ्तारीम् आशय्य अभियुक्ताः उच्चन्यायालये पूर्वानुमानात्मकं जमानतयाचिकाम् अङ्गीकृतवन्तः आसन्।

सुनवायीकाले अभियुक्तस्य वकिलः न्यायालयं सूचितवान् यत् सः २०२० तमे वर्षे शिकायतकर्ता सह मिलितवान्। महिलायाः पतिः हृदयघातेन स्वर्गं गतः। भर्तुः मृत्योः अनन्तरं तयोः समीपता वर्धिता, कालान्तरे भावात्मकः बन्धः अपि विकसितः। अभियुक्तः तर्कयति स्म यत् सः स्त्रियाः आर्थिकसाहाय्यं कृतवान्, तयोः सम्बन्धः पूर्णतया परस्परसहमति-अवगमन-आधारितः इति। अभियुक्तस्य पक्षतः अपि प्रस्तुतं यत् सः पूर्वमेव विवाहितः अस्ति, शिकायतकर्ता च आरम्भादेव एतत् तथ्यं जानाति स्म एतां स्थितिं दृष्ट्वा विवाहस्य सम्भावना नासीत्; अतः विवाहस्य बहानेन सम्बन्धे प्रवृत्तः इति आरोपः वस्तुतः अशुद्धः आसीत्। रक्षापक्षस्य मतं यत् यतः सा महिला स्वस्य वैवाहिकस्थितेः विषये पूर्णतया अवगतवती आसीत्-तथापि ते वर्षाणि यावत् सम्बन्धे एव।

### काङ्ग्रेसस्य प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजनस्य नामाङ्कनपत्रं अङ्गीकृतम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

राज्यसभानिर्वाचने प्रतिस्पधार्याः सम्भावना तदा समाप्तवती यदा काङ्ग्रेसस्य प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजनस्य नामाङ्कनपत्रं अङ्गीकृतम्। तदनन्तरं निर्वाचनगतिशीलता पूर्णतया परिवर्तत, येन भाजपा-प्रत्याशिनां त्रयाणां निर्विरोधनिर्वाचनं प्रायः निश्चितम् अभवत्। नामाङ्कननिवृत्तिप्रक्रिया समाप्तस्य अनन्तरं रिटर्निंग् आफिसरेन भाजपा प्रत्याशिनां निर्वाचितानाम् औपचारिकघोषणा कृता। राजनैतिकविश्लेषकाः मन्यन्ते यत् राज्यसभानिर्वाचने एषा सफलता राज्ये दलस्य दृढं संगठनात्मकं स्थितिं प्रतिबिम्बयति। यत्र विधानसभायां बहुमतस्य कारणेन भाजपा पूर्वमेव लाभप्रदस्थानं धारयति स्म, तत्र काङ्ग्रेस-प्रत्याशिनः नामाङ्कनस्य अस्वीकारेन निर्वाचनं निर्विवादरूपेण परिणतम्।

### राशिफल

**मेष** : आज दिन अच्छा रहेगा। घर का माहौल भी अच्छा रहेगा। खानपान का ध्यान रखें। निवेश करना लाभकारी रहेगा।

**वृषभ** : परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। पानी खूब पिएं। सेहत को लेकर लापरवाही नहीं करनी है।

**मिथुन** : दोस्तों से कोई अच्छी खबर मिलेगी और दिन प्रोडक्टिव रहेगा। आप खुश रहेंगे। परिवार और दोस्तों का फुल सपोर्ट मिलेगा।

**कर्क** : पैसों से जुड़ा कोई अच्छा मौका हाथ लग सकता है। निवेश के लिए अच्छा समय है लेकिन हड़बड़ी में कुछ भी नहीं करना है।

**सिंह** : किसी पुराने काम का अच्छा नतीजा मिल सकता है। जिससे मन खुश रहेगा। सारे काम बनते नजर आएंगे।

**कन्या** : घर और ऑफिस दोनों जगह माहौल आपके ही फेवर में रहेगा। दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बीतेगा।

**तुला** : आज किस्मत आपका साथ पूरा-पूरा देगी। कोशिश करें कि आपकी वजह से किसी का दिल ना दुखे।

**वृश्चिक** : बिजनेस में थोड़ा अप्स एंड डाउन आएगा लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं है। खानपान का ध्यान रखें।

**धनु** : नौकरी और बिजनेस में धीरे-धीरे अच्छे नतीजे मिलेंगे। घर-परिवार में माहौल सुकून भरा होगा।

**मकर** : पैसों की स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। बस किसी से लेनदेन करने से बचें। निवेश के लिए सही समय है।

**कुंभ** : खर्च थोड़ा संभालकर करें। बजट बनाकर चलेंगे तो चीजें आसान होंगी। घर-परिवार में सब अच्छा होगा।

**मीन** : दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा। बस हड़बड़ी में कोई भी फैसला लेने से बचें। लोगों के साथ घुल-मिलकर रहें।

## ज्योतिष/वास्तु

# चंद्रमा-केतु का ग्रहण योग देगा चुनौती, 3 राशियों को नौकरी-कारोबार में बरतनी होगी सावधानी

जून में ग्रहण योग बनने जा रहा है। यह योग कुछ राशियों के लिए परेशानियों भरा हो सकता है। इससे जातकों के जीवन में मानसिक अस्थिरता, भ्रम, निर्णय लेने में कठिनाई और उतार-चढ़ाव के रूप में देखने को मिल सकता है।

19 जून 2026 को चंद्रमा सुबह 10 बजकर 6 मिनट पर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। सिंह राशि में पहले से ही छाया ग्रह केतु विराजमान हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब चंद्रमा और केतु एक ही राशि में आते हैं, तो ग्रहण योग का निर्माण होता है। इस योग को चुनौतीपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका प्रभाव मानसिक अस्थिरता, भ्रम, निर्णय



लेने में कठिनाई और उतार-चढ़ाव के रूप में देखने को मिल सकता है। ऐसे में कुछ राशियों के जातकों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका प्रभाव अधिक पड़ सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों को इस दौरान स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी। तनाव और चिंता बढ़ सकती है, जिससे कार्यों में एकाग्रता प्रभावित हो सकती है। वाहन चलाते समय लापरवाही बिल्कुल न करें और जल्दबाजी से बचें। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, अन्यथा आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। कोर्ट-कचहरी या कानूनी मामलों से जुड़े लोगों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि कला, रचनात्मकता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर भी मिल सकते हैं, लेकिन सफलता के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह ग्रहण योग कुछ नई चुनौतियां लेकर आ सकता है। घर और कार्यक्षेत्र के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन लग सकता है, जिससे मानसिक दबाव बढ़ सकता है। खानपान में लापरवाही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को जन्म दे सकती है। मित्रों या करीबी लोगों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद होने की संभावना है। किसी भी विवाद को बढ़ाने के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय कुछ उलझनों और असमंजस की स्थिति पैदा कर सकता है। आर्थिक मामलों में बेहद सोच-समझकर कदम उठाने की आवश्यकता होगी। किसी को बड़ी रकम उधार देने या निवेश करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य कर लें, क्योंकि धन अटकने की संभावना बन सकती है। पारिवारिक संबंधों में भी तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए बातचीत में संयम बनाए रखें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में देरी अथवा विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**कोहली-हार्दिक के बिना उतरेगी इंडिया, धर्मशाला में आज बारिश के 55% चांस**

# भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला वनडे आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज खेला जाएगा। मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा।

भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार वनडे सीरीज खेली जाएगी। इससे पहले दोनों टीमें वर्ल्ड कप और एशिया कप में आमने-सामने हुई थीं। विराट कोहली और हार्दिक पंड्या चोट के कारण बाहर हो गए हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। ऐसे में प्रिंस यादव और गुरनूर बरार में से एक को डेब्यू कैप मिल सकती है। धर्मशाला में मौसम मैच पर असर डाल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को बारिश की संभावना 55% है।

**भारत-अफगानिस्तान में 4 वनडे, इंडिया ने 3 जीते-** भारत और अफगानिस्तान के बीच 4 वनडे मैच खेले गए हैं। भारत ने तीन मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला टाई रहा है। अफगानिस्तान अभी तक भारत के खिलाफ वनडे में जीत दर्ज नहीं कर सका है। दोनों टीमों की



पिछली भिड़ंत 2023 वनडे वर्ल्ड कप में दिल्ली में हुई थी, जहां भारत ने 8 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की थी।

**भारत की नजर शुभमन-रोहित पर-** विराट कोहली की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी की जिम्मेदारी कप्तान शुभमन गिल, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल पर होगी। एक जनवरी 2025 के बाद वनडे क्रिकेट में शुभमन गिल ने 625 रन बनाए हैं। वहीं रोहित शर्मा ने 17 मैचों में 711 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। टीम मैनेजमेंट नंबर-3 पर ईशान किशन, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे विकल्पों को भी आजमा सकता है। गेंदबाजी में कुलदीप यादव भारत को लीड करेंगे। उन्होंने 2025 के बाद 22 विकेट लिए हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह पर नई गेंद से अच्छी शुरूआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

**अफगानिस्तान की ताकत जादरान-राशिद-** अफगानिस्तान की बल्लेबाजी इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमत शाह और अजमतुल्लाह उमरजई पर टिकी होगी। जादरान ने 2025 के बाद सिर्फ 6 वनडे में 429 रन बनाए हैं और उनका औसत 71.50 रहा है। अजमतुल्लाह उमरजई हाल के समय में अफगानिस्तान के सबसे भरोसेमंद ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। उन्होंने पिछले 10 वनडे मैचों में 24 विकेट लिए हैं और बल्ले से भी लगातार योगदान दिया है। 2023 वर्ल्ड कप में भारत की पिचों पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। अफगानिस्तान को सबसे बड़ी मजबूती स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की वापसी से मिली है। राशिद भारत के खिलाफ 3 वनडे में 5 विकेट ले चुके हैं और क्व्छ 2026 में भी शानदार फॉर्म में थे।

**एचपीसीए में बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों दोनों को मदद-** धर्मशाला का एचपीसीए स्टेडियम समुद्र तल से काफी ऊंचाई पर स्थित है। यहां गेंद तेजी से बल्ले पर आती है और आउटफील्ड भी तेज रहती है। शुरूआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और अतिरिक्त उछाल मिलती है, जबकि बाद में बल्लेबाज खुलकर रन बना सकते हैं। इस मैदान पर अब तक 9 वनडे खेले गए हैं, जिनमें 5 बार लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम जीती है। यहां पहली पारी का औसत स्कोर करीब 253 रन है। 2023 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 388 रन बनाकर यहां का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।

**श्रेयस 3 हजार वनडे रन से 23 रन दूर-** भारत ने अपने पिछले पांच वनडे मैचों में दो जीते हैं, जबकि तीन हारे हैं। इसमें हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ होम सीरीज की हार भी शामिल है। अफगानिस्तान लगातार चार वनडे जीतकर आया है। श्रेयस अय्यर 3000 वनडे रन पूरे करने से 23 रन दूर हैं। वहीं कप्तान शुभमन गिल को इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 47 रन की जरूरत है।

**पॉसिबल प्लेइंग-11-** भारतः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव/गुरनूर बरार।

**अफगानिस्तानः** इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हश्मतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी/इकराम अलिखिल , राशिद खान, मोहम्मद सलीम, अल्लाह गजनफर, जिया-उर-रहमान।

### फुटबॉल वर्ल्डकप में कनाडा और बोस्निया मैच 1-1 से ड्रॉ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टोरंटो

को-होस्ट कनाडा ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान का आगाज ड्रॉ के साथ किया है। उसे 64वीं रैंक की टीम बोस्निया-हजेगोविना ने एक अंक साझा करने पर विवश कर दिया। इस मैच के बाद कनाडा ग्रुप बी में पहले स्थान पर आ गई है, जबकि बोस्निया दूसरे स्थान पर है। टोरंटो में शुक्रवार रात को 30वीं रैंक की टीम कनाडा 77 मिनट तक 0-1 से पिछड़ रही थी। 76वें मिनट पर मैदान पर आए साइल लारिन ने 2 मिनट के अंदर ही गोल करके कनाडा को होम ग्राउंड पर वर्ल्ड कप इतिहास का पहला अंक दिलाया। यह कनाडा के वर्ल्ड कप इतिहास का केवल दूसरा गोल था। टीम 1986 वर्ल्ड कप में तीनों मैच हार गई थी और 2022 में भी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी थी। अब कनाडा अपना अगला ग्रुप मुकाबला 18 जून को कतर के खिलाफ खेलेगा, जबकि बोस्निया-हजेगोविना उसी दिन स्विट्जरलैंड से भिड़ेगा। साइल लारिन ने कनाडा की ओर से बराबरी का गोल दागा।

**10 साल के आशीर्वाद ने 21 बाउंड्री लगाई**

# वैभव सूर्यवंशी के छोटे भाई ने शतक लगाया



### पिता बोले थे- दो साल में वैभव जैसा खेलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ समस्तीपुर

वैभव सूर्यवंशी के बाद अब उनके छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी भी क्रिकेट में सुर्खियां बटोर रहे हैं। 10 साल के आशीर्वाद ने समस्तीपुर में खेले गए एक लोकल प्रैक्टिस मैच में क्रिकेट अकादमी ताजपुर की ओर से खेलते हुए 87 गेंदों पर 103 रन बनाए। उनकी पारी में 20 चौके और एक छक्का शामिल रहा। राइट हैंड बल्लेबाज आशीर्वाद के शतक का वीडियो और स्कोरकार्ड उनके बड़े भाई उज्ज्वल सूर्यवंशी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। आशीर्वाद को लेकर पिता संजीव कह चुके हैं कि वे आशीर्वाद को भी आने वाले दो साल में वैभव की तरह एक बेहतरीन क्रिकेटर बनाना चाहते हैं।

**पिता ने कहा- आशीर्वाद पर भी प्यार बनाए रखें-** आशीर्वाद के शतक के बाद पिता संजीव सूर्यवंशी ने भी सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मेरे छोटे बेटे आशीर्वाद सूर्यवंशी ने आज प्रैक्टिस मैच में अपना पहला शतक बनाया। आप सभी से अनुरोध है कि आशीर्वाद पर भी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें।

वैभव सूर्यवंशी तीन भाइयों में मंझले हैं। उनके बड़े भाई का नाम उज्ज्वल सूर्यवंशी है, जबकि सबसे छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी हैं। पिता संजीव सूर्यवंशी और मां आरती सूर्यवंशी ने दोनों बेटों के क्रिकेट करियर में अहम भूमिका निभाई है।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में तलवार से जानलेवा हमला करने वाले पिता-पुत्र



**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बांदका में उत्तम पिता मनोहरसिंह 31 साल पर पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार पिता-पुत्र 32 साल पर गुरूवार-शुक्रवार रात पुराने विवाद में पड़ोसी रिश्तेदार बहादूर और उसके पुत्र कृष्णपाल ने घर में घुसकर तलवार लाठी से हमला कर दिया। बीच बचाव में उत्तम की मां कौशल्याबाई आई तो उनके साथ लाठियों से मारपीट की गई। हमला करने वाले पिता-पुत्र जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। दोनों घायल मां-पुत्र को परिवार के लोग उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे। तलवारबाजी की खबर मिलते ही घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल, पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर टीम के साथ ग्राम बांदका पहुंचे और घायलों के परिवार से संपर्क कर हमला करने वाले पिता-पुत्र की तलाश में दबिश देना शुरू किया। रात में कुछ घंटों की तलाश के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। जिनसे हमले में प्रयुक्त तलवार और लाठी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ माह से हमलावर और घायल परिवार के बीच विवाद चला आ रहा है। उसी रंजीश में रात को घर में घुसकर तलवार मारी गई है।

### निर्माण कार्य में लगे 2 युवकों की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** शुक्रवार को माकडोन और उज्जैन में 2 युवकों की करंट लगने से मौत होने के मामले सामने आये। दोनों को चरक अस्पताल लाया गया था। पहला मामला माकडोन के ग्राम खेड़ा पचौला के रहने वाले जितेन्द्र पिता बाबूलाल सोलंकी 35 साल का है। कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजनों ने बताया कि जितेन्द्र मिस्त्री का काम करता था और घर के सामने रिश्तेदार के मकान का निर्माण कार्य करते समय पाइप से तरी कर रहा था। उसी दौरान खुले तारों पर पानी जाने से उसे करंट लगा और अचेत हो गया था। उसे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के शहीदपार्क का है। यहां एक दुकान में कोर कटिंग मशीन चलाते समय द्वारका प्रसाद पिता कनीराम 20 साल निवासी सुसनेर हाल मुकाम आनंदनगर नानाखेड़ा को करंट लगा गया था। उसे चरक अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। द्वारका प्रसाद को अंतिम संस्कार के लिये पैतृक गांव सुसनेर ले जाया गया है।

### तहसील टप्पा पर शैफाली जैन नई नायब तहसीलदार बनी

**इंगोरिया।** उप तहसील (टप्पा कार्यालय) इंगोरिया पर शुक्रवार को शैफाली जैन ने नायब तहसीलदार का कार्यभार संभाल लिया है। यहां पदस्थ नायब तहसीलदार प्रियंका जैन का गत दिनों तहसील कार्यालय झारड़ा पर प्रभारी तहसीलदार के पद पर तबादला कर दिया गया था। शैफाली जैन राजस्व विभाग उज्जैन से स्थानांतरित होकर इंगोरिया पदस्थ हुई है। अब इंगोरिया उप तहसील के इस कार्यालय में रीडर से लेकर सभी बाबू बदल दिए गए हैं।

### इंदौर के युवक के पास मिली हजारों की अवैध शराब

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण पर निकली नानाखेड़ा थाना पुलिस प्रशांतिधाम चौराहा पहुंची थी, तभी खबर मिली कि सुजुकी एक्सेस क्रमांक एमपी 09 झेडई 2886 से इंदौर का युवक अवैध शराब लेकर डब्ल्यू डब्ल्यू वाटर पार्क के पास पुलिया के नीचे आया हुआ है। वह शराब किसी को देने के लिये इंतजार कर रहा है। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव भ्रमण टीम में शामिल एएसआई हरनारायण शर्मा, आरक्षक सुनील दीनकर, विश्वपाल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिया के नीचे खडे युवक ने पुलिस को आता देख गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास किया। आरक्षकों ने दौड़कर पीछा किया और युवक को पकड़ लिया। उसकी एक्सेस गाडी पर दो बड़े झोले रखे थे। जिनकी तलाशी लेने पर देशी शराब के क्वार्टर भरे पाये गये। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक से पूछताछ में सामने आया कि वह इंदौर के मरीमाता मंदिर के पास साउथ गाडराखेडी का रहने वाला है। उसके पास से बरामद अवैध शराब 28 हजार रुपए से अधिक होना सामने आई है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है। अवैध शराब से जुड़े साथियों की जानकारी सामने आ सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 468-8 |
| मेन बाजार | 133-7 | 459-8 |
| मिलन डे | 360-9 | 678-1 |
| मिलन नाइट | 368-7 | 680-4 |

4 5 8

साांची दुग्ध संघ ट्रेनिंग सेंटर के उप महाप्रबंधक के साथ

# निवेश के नाम पर 1.77 करोड़ की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सांची दुग्ध संघ ट्रेनिंग सेंटर के उप महाप्रबंधक के साथ निवेश के नाम पर हुई 1.77 करोड़ की ठगी में शामिल खाताधारक को 2 माह की तलाश के बाद भोपाल से गिरफ्तार कर लिया गया। राज्य सायबर सेल की टीम ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

राज्य सायबर पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ को अप्रैल माह में सांची दुग्ध संघ ट्रेनिंग सेंटर के उप महाप्रबंधक दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 1.77 करोड़ की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर मामले में धारा 318 (4) के साथ 66-डी आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश में उपपुलिस अधीक्षक लीना मारोठ, उपनिरीक्षक पूजा मुवेल, अर्पणा भट्ट,



एएसआई प्रवीणसिंह पंवार, आरक्षक कमल वरकड़े की टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार तकनीकी साक्ष्यों की जांच करते हुए पाया कि ठगी की कुछ राशि का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भोपाल के शिवनगर कालोनी करोद के रहने वाले भानू पिता भगवान दास चौरसिया के खाते में हुआ है। टीम भोपाल पहुंची और भानू को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। उसके खाते में ठगी के 2 लाख 50 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि कक्षा 12 वीं तक पढाई की है और प्रायवेट जॉब करता है। उस पर कर्ज हो गया था, जिसके चलते दोस्त सारांश जैन ने कहा था कि यश बैंक में अकाउंट खुला कर मुझे उपयोग के लिये दें। बदले में 10 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगें। खाता खुलावे के दौरान सारांश ने 26 हजार दिये थे। सायबर सेल टीम के अनुसार पूछताछ के बाद आरोपी खाताधारक को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। सारांश की गिरफ्तारी के बाद मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### छह खातों में किया था ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

उपमहाप्रबंधक के साथ हुई ठगी के बाद सामने आया था कि उनका संपर्क वाट्सएप ग्रुप एस 108 कोटक वेल्थ इंसाइट्स के माध्यम से हुआ था। उनसे नियो कोट प्रो नाम से एप्लीकेशन इंस्टॉल कराई गई थी। आधार कार्ड, पेनकार्ड लेकर ट्रेडिंग शुरू करने के लिये 50 हजार रुपए ऑनलाइन जमा कराये गये थे। प्रतिदिन पांच प्रतिशत का वर्चुअल मुनाफा दिखाया गया था। प्रारंभ में निवेश का मुनाफा भी मिला। फरवरी माह में हुई ट्रेडिंग की शुरूआत अप्रैल तक चलीद्ध इस दौरान उपमहाप्रबंधक ने 1.77 करोड़ का निवेश 6 अलग-अलग बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया था। जब मुनाफे की राशि निकालने का प्रयास किया तो उन्हे आईपीओ अलाट कर 1.70 करोड़ की राशि जमा करने को कहा गया। तब ठगी का आभास हुआ।

## प्रेमिका ने प्रेमी की पत्नी का ब्लेड से काटा गला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पंवासा थाने के सामने शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम हो गया। प्रेमिका ने प्रेमी की पत्नी के गले पर ब्लेड से वार कर दिया। घटनाक्रम के बाद हडकंप मच गया। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया और हमला करने वाली युवती को हिरासत में लिया।

मक्सीरोड बजरंग कालोनी में रहने वाले शुभम प्रजापत का जयसिंहपुरा की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। शुभम की शादी हो चुकी थी, बावजूद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग जारी था। शुक्रवार दोपहर को युवती बजरंग नगर प्रेमी शुभम के घर पहुंच गई। जहां शुभम की पत्नी रितिका से उसका सामान हुआ। दोनों के बीच विवाद हो गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। डायल 112 को इंवेट मिला तो दोनों को थाने लाया गया। दोनों के बीच थाने के सामने फिर से कहासुनी शुरू हो गई। इस दौरान युवती ने प्रेमी की पत्नी के गले पर ब्लेड से वार कर दिया। रितिका लहूलुहान हो गई। पुलिस ने तत्काल घायल रितिका को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया।

**पंवासा थाने के सामने घटना, थाने लाई थी पुलिस**

थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि शुभम प्रायवेट जॉब करता है। युवती उसकी महिला मित्र है। जिसे कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शुभम और युवती के बीच काफी समय से मामला चला आ रहा है। शुभम ने युवती से अपनी शादी की बात छुपाई थी। वहीं उसकी पत्नी को भी पति के प्रेम प्रसंग का पता चला गया था। कुछ दिनों पहले विवाद भी हुआ था। जिसके चलते युवती ने आत्महत्या का प्रयास भी किया था। सूत्रों का कहना है कि अब युवती शुभम पर शादी का दबाव बना रही है। जिसके चलते उसे घर तक पहुंची थी। जहां विवाद हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई हो सकती है।

नाली को लेकर दिन में पड़ोसियों हुआ था झगड़ा

## पानी निकासी के विवाद में रात को ग्रामीण की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नाली के पानी की निकासी को लेकर दिन में झगड़ा होने के बाद पड़ोसियों ने रात में ग्रामीण युवक की रास्ता रोक लाठी-हथियारों से हत्या कर दी। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने 2 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। 2 की तलाश जारी है। जिनकी गिरफ्तारी भी जल्द होने की बात कहीं गई है। संभावना है कि आज मामले का खुलासा किया जा सकता है।

मामला इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बलेडी से सामने आया है। यहां रहने वाले राहुल पिता कालूसिंह मोंगिया 26 साल का पड़ोस में रहने वाले भूरालाल मोंगिया और रोहित मोंगिया से गुरूवार दोपहर को नाली के पानी



की निकासी को लेकर झगड़ा हो गया था। कहासुनी काफी बढ़ गई थी, लेकिन मामला शांत हो गया था। रात में राहुल मोंगिया अपने खेत पर बंधे मवेशियों को देखने के लिये निकला था। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो भाई शिवनारायण बाइक से उसे देखने के लिये निकला। रास्ते में राधास्वामी आश्रम के पास राहुल लहूलुहान हालत में पड़ा दिखाई दिया। शिवनारायण उसे शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उज्जैन चरक अस्पताल रैफर कर दिया। रात 1 बजे के लगभग राहुल को उज्जैन लाया गया। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटनाक्रम की खबर मिलते ही इंगोरिया थाना ग्राम बलेड़ी पहुंची। परिजनों से पूछताछ की गई और शिवनारायण से संपर्क किया गया। शिवनारायण ने हत्या का आरोप पड़ोसी भूरालाल उसके पुत्र रोहित और 2 रिश्तेदार विशाल और दीपक पर लगाया। शिवनारायण का कहना था कि जब वह भाई को देखने जा रहा था, चारों दिखाई दिये थे। रात में पुलिस ने संदेही आरोपियों की तलाश शुरू की और तड़के भूरालाल और उसके पुत्र रोहित को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद का सामने आ रहा है। दोनों आरोपियों के साथ 2 रिश्तेदार साथी फरार है, जो रतलाम और ग्राम पडुनिया के रहने वाले है। उनकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है। दोनों फरार आरोपियों के गिरफ्त में आने पर शनिवार को मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) और 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

डेढ़ घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने निकाले शव

## भांजे को बचाने नदी में छलांग लगाने वाला मामा भी डूबा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महिदपुर क्षिप्रा नदी के बड़े पुल से कूदे 14 साल के भांजे को बचाने के लिये मामा ने भी छलांग लगा दी। दोनों गहरे पानी में चले गये और डूब गये। मामा-भांजे के डूबने की खबर पर पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरों से तलाश शुरू कराई गई। डेढ़ घंटे बाद दोनों के शव बाहर निकाले गये।

ग्राम नाराखणाखेड़ी में रहने वाला आशाराम पिता भुवान 25 साल ट्रेक्टर-टेंकर से पानी भरने का काम करता है। शुक्रवार दोपहर को ड्रायवर टैंकर लेकर दुबली से महिदपुर के लिये आ रहा था। ट्रेक्टर पर आशाराम का 14 साल का भांजा आयुष पिता अशोक भी बैठा था। क्षिप्रा नदी के ब्रिज से गुजरते समय आयुष की चप्पल गिर गई। जो नदी में चली गई, जिसे निकालने के लिये आयुष नदी में कूद गया। पीछे आशाराम बाइक से आ रहा था। ड्रायवर ने आयुष के नदी में कूदने की जानकारी दी तो आशाराम ने बचाने के लिये नदी में छलांग लगा दी। वह आयुष के पास तक पहुंच गया था, लेकिन उसे ठीक से तैराना नहीं आता



था, उसी सांस फूलने पर दोनों मामा-भांजे गहराई में चले गये। 2 लोगों के डूबने की खबर मिलते ही महिदपुर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई गई। डेढ़ से 2 घंटे की तलाश के बाद दोनों के शव बाहर निकाल लिये गये। एएसआई वीपी सिंह ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। चप्पल गिरने पर निकालने के लिये कूदे आयुष को लेकर एक ओर जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि आयुष ने मामा आशाराम से नई सैंडल दिलाने के लिये कहा था, मामा ने उसे डांट दिया था। जिसके चलते भांजे ने नदी में छलांग लगाई है। उक्त जानकारी को लेकर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार का कहना था कि परिजनों के गमगीन होने पर बयान दर्ज नहीं किये जा सके है। जांच के बाद ही घटनाक्रम स्पष्ट हो पायेगा।

## वन विभाग के साथ सैंकडों ग्रामीणों ने मशक्कत की, पकड़ी गई 4 नीलगाय

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वन विभाग के साथ सैंकडों ग्रामीणों ने शुक्रवार तड़के जमकर मशक्कत की है, हालांकि इस दौरान बोमा में मात्र 4 नीलगाय ही पकडी जा सकी है। पकडी गई नीलगायों को अभी यहीं रखा गया है। अगले एक दो दिन आपरेशन को ठंडा रखा जाना है। उसके बाद एक बार फिर से ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा।

शुक्रवार तड़के बृजराजखेड़ी के आसपास के करीब 5 गांवों के ग्रामीणों ने वन विभाग के साथ मिलकर अलग-अलग दल के रूप में आपरेशन में शामिल हुए थे। एसडीओ विक्रमसिंह सोलंकी के अनुसार करीब 300 ग्रामीण हांका में शामिल हुए। इसके अलावा 50 से अधिक बाईक सवार भी थे। एक साथ सभी ने हांका लगाते हुए नीलगायों को घेरने की मशक्कत की। इस दौरान झूंड के रूप में नीलगायों ने खुले खेतों में उलटी और दौड़ लगा दी। मात्र 4 नीलगाय ही हांका दल के घेरने में आई और बोमा में समा गई।

### 7-8 किलोमीटर दूर भागी

क्षेत्र में मौजूद नीलगाय पिछले कुछ समय से झूंड के रूप में थी। शुक्रवार सुबह के आपरेशन के बाद नीलगायें बोमा की उल्टी दिशा में 7-8 किलोमीटर दूर भाग गई है। उन्हें वापस लाना भी अब मशक्कत का काम बन गया है। बकौल एसडीओ सोलंकी ग्रामीणों से चर्चा के दौरान सामने आया कि उन्हें अमरूद पसंद हैं अधिकांश वे इनके खेतों में ही झूंड बनाकर रहते देखी जाती है। यहीं नहीं उनकी पसंद के पत्ते एवं हरी घांस से उन्हें वापस क्षेत्र में लाया जाएगा।

### ये कारण होने से कम गाय पकड़ी गई

श्री सोलंकी के अनुसार क्षेत्र में सपाट खेत हैं। वृक्ष गिनती के हैं। इसके चलते खेतों में बोमा के पर्दे लगे देखकर पहले से ही नीलगाय दूर रह रही हैं। वृक्ष नहीं होने से उन्हें बाधा नहीं मिल रही है और वे सपाट खेतों में दौड़ रही हैं। एक बार पुनः सभी बिंदुओं पर विचार किया जा रहा है। पूरी परिस्थिति का रिव्यू किया जा रहा है। विशेषज्ञों से परामर्श किया जा रहा है। नीलगायों को बोमा में लाने के अन्य विकल्प भी देखे जा रहे हैं।

रतलाम के पलसोड़ी में भूमि मुक्त कराने पहुंचे प्रशासनिक अमले पर पथराव

# तीन पुलिसकर्मी घायल, आंसू गैस के गोले छोड़े

### पथराव करने वाले और संदिग्ध दो दर्जन से अधिक ग्रामीण हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रतलाम जिले के ग्राम पलसोड़ी में शुक्रवार को प्रस्तावित औद्योगिक निवेश क्षेत्र में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अमले पर ग्रामीणों ने उग्र विरोध जताते हुए पथराव कर दिया। पथराव में एक महिला पुलिसकर्मी सहित तीन जवान घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और भीड़ को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े। पुलिस ने हंगामा और पथराव करने वाले करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को हिरासत में लिया है।

मामले की शुरूआत शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हुई जब शहर एसडीएम आर्ची हरित, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, आरआई विक्की ठाकुर और 10 पटवारियों का दल भारी पुलिस बल के साथ पलसोड़ी पहुंचा था। प्रशासन के साथ दो पोकलेन मशीन, दो जेसीबी, पांच डंपर और ट्राले भी थे।



### ये है विरोध का कारण

दरअसल, पलसोड़ी सहित आसपास के चार-पांच गांवों की करीब 1700 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक निवेश क्षेत्र में शामिल किया गया है। ग्रामीण लंबे समय से इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इस परियोजना के आने से उनकी उपजाऊ कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र पूरी तरह प्रभावित होंगे, जिससे उन्हें बड़े पैमाने पर विस्थापन का सामना करना पड़ेगा। मामले को लेकर शहर एसडीएम आर्ची हरित ने बताया कि पलसोड़ी क्षेत्र में भूमि आवंटन के बाद एक्सेस रोड (पहुंच मार्ग) के निर्माण की कार्रवाई की जा रही थी। ग्रामीणों को विस्तार से समझाया गया था कि इस कार्रवाई से किसी की निजी कृषि भूमि या आवास को नुकसान नहीं पहुँचाया जा रहा है और उन्हें भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। इसके बावजूद कुछ तत्वों द्वारा अचानक पथराव शुरू कर दिया गया, जिसमें पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने उपद्रव करने वाले करीब 40 से 50 संदिग्धों को चिह्नित कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

**कार्रवाई शुरू होते ही उपद्रव के हाल-** प्रशासनिक दल ने जैसे ही एक्सेस रोड के निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की तो, बड़ी संख्या में ग्रामीण और आदिवासी वहां एकत्र हो गए और विरोध करने लगे। अधिकारियों ने पहले ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वर्तमान में केवल एक्सेस रोड का काम किया जा रहा है और किसी के आवास या कृषि भूमि को प्रभावित नहीं किया जा रहा है। तमाम समझाइश के बावजूद जब सहमति नहीं बनी, तो पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेना शुरू किया। इसी बीच आक्रोशित भीड़ ने अचानक पुलिस और प्रशासनिक अमले पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। देर शाम तीनों घायलों से एसपी अमित कुमार एवं एएसपी मेडिकल कालेज में मुलाकात करने पहुंचे थे।

**आंसू गैस से नियंत्रण में आए हालात-** हालात बिगड़ते देख पुलिस व्यवस्था की कमान संभाल रहे सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के निर्देश पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हुई और स्थिति पर काबू पाया जा सका। एहतियात के तौर पर मौके पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस भी तैनात की गई थी। कार्रवाई के दौरान औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी, डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव और माणक चौक थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान सहित 100 से अधिक पुलिसकर्मी वज्र वाहन के साथ तैनात रहे।

अनियंत्रित लोडिंग खड़े कंटेनर से टकराई

## तुलाहेड़ा टोल के पास हादसा एक की मौत, चालक घायल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गरोठ हाईवे तुलाहेडा टोल के पास शुक्रवार तड़के हादसा हो गया। टायर फटने पर अनियंत्रित हुआ लोडिंग वाहन खड़े कंटेनर से टकरा गया। हादसे में चालक घायल हो गया और उसके साथी की मौत हो गई।

महराष्ट्र के पूणे में रहने वाला शिव पिता रामदीन यादव छोटा हाथी लोडिंग वाहन चलाने का काम करता है। कुछ दिन पहले वह पूणे की आईटी कंपनी यश मार्केटिंग से नेटवर्किंग केबल और सामान भरकर कम्पनी के कर्मचारी महेश के साथ दिल्ली गया था। जहां माल खाली करने के बाद दोनों वापस पूणे लौट रहे थे। उज्जैन जिले के घट्टिया तहसील स्थित गरोठ हाईवे मार्ग पर तुलाहेड़ा टोल से गुजरते समय अचानक लोडिंग वाहन का टायर फट गया। वाहन की रफ्तार तेज होने पर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े कंटेनर से




टकरा गया। हादसे में लोडिंग का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक शिव घायल हो गया और साथी महेश की मौत हो गई। घटनाक्रम की खबर मिलते ही टोल एम्बुलेंस दोनों को चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चालक का उपचार चल रहा है। महेश की मौत होने पर कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जांच संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com